दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



कभी कभी बच्चे.......



क्या आप भी करते रहते हैं......

वर्ष : 11 | अंक : 214 | लखनऊ, 21 जुलाई, सोमवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## कांवड़ यात्रा में उपद्रवियों से सतर्क रहें, पहचान कर पुलिस को बताएं : सीएम योगी



राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार

मेरठ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मेरठ में कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा के बाद कहा कि कांवड़ यात्रा सामाजिक समता का उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। इसमें बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सब शामिल हैं, लेकिन इस उमंग और उत्साह को भंग करने के कुत्सित प्रयास भी हो रहे हैं। कांवड़ियों को आगाह किया कि उनके बीच उपद्रवी किसी भेष में छुपे होंगे, जिनका षडयंत्र सफल न होने पाए। ऐसे में कांवड भक्त कानून हाथ में न लेकर तुरंत प्रशासन को सूचना दें। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। उपद्रवी कांवड़ भंग कर सकते हैं, लेकिन शिवभक्त संयम नहीं खोएंगे।

### शिवजी के तप में बढ़-चढ़कर शामिल हो रहे भक्त

सीएम ने कहा कि शिवजी के तप की कठिन साधना में बच्चे, महिलाएं भी बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं, वहीं सामाजिक और धार्मिक संगठन श्रद्धा भाव से भक्तों की सेवा कर रहे हैं। सरकार ने पूरा प्रबंधन किया है। सीएम ने कहा कि प्रशासन ने यातयात निर्बाध रखने की पूरी व्यवस्था की है साथ ही कांवड भक्तों से भी अपील है कि वह अपने साथ चलने वाले श्रद्धालुओं और सामान्य यात्रियों की सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रखें।

### कांवड़ भंग करे तो पुलिस को दें सूचना

सीएम ने कहा, कि कोई उपद्रवी कांवड़ भंग करे तो पुलिस को सूचना दें। इससे पहले सीएम योगी ने मेरठ से मुजफ्फरनगर तक कांवड़ मार्ग का हवाई निरीक्षण किया। फिर मेरठ के मोदीपुरम क्षेत्र में लगाए गए मंच से कांवड़ियों पर फूल बरसाए।

### योगी ने 11 मिनट तक बरसाए फूल

सीएम योगी ने देहरादून दिल्ली हाईवे पर दुल्हेदा चौकी के सामने कावड़ियों पर करीब 11 मिनट तक फूलों कि वर्षा की. योगी के साथ अन्य नेता भी मौजूद रहे। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि शिव लोकमंगल के देवता हैं। यह कृपा इस समय सभी शिव भक्तों पर बरस रही हैं। इस यात्रा से करोड़ों लोगों की भावना जुड़ी हैं।

### पिछली सरकार पर कसा तंज

सीएम ने पिछली सरकारों पर तंज कसते हुए कहा कि 2017 से पहले कांवड़ यात्रा को नहीं चलने दिया जाता था। यदि जबरन चलती भी थी तो जिला प्रशासन और पुलिस के सहयोग से व्यवधान पैदा कर दिया जाता था। कांवड़ियों से अपील करते हुए कहा कि अब जल चढ़ने में अधिक समय नहीं हैं, इसलिए समय पर सभी भक्त अपने स्थान पर पहुंचे और शुद्ध मन से शिवलिंग पर जलाभिषेक करें।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा मुख्य आरोपी तौसीफ, साजिश में शामिल पांच गिरफ्तार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, बिहार पुलिस को चंदन मिश्रा हत्याकांड में एक बडी सफलता मिली है। पटना के एक अस्पताल में पैरोल पर बाहर आए चंदन मिश्रा की हत्या के मुख्य आरोपी तौसीफ उर्फ बादशाह को कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया गया है। बिहार पुलिस ने कोलकाता पुलिस और कोलकाता रळक्ष के साथ एक संयुक्त अभियान चलाकर यह गिरफ्तारी की। तौसीफ के साथ निशु खान और दो अन्य संदिग्धों को भी हिरासत में लिया गया है। इस सप्ताह की शुरूआत में हुई इस सनसनीखेज हत्या के बाद तौसीफ का नाम मुख्य संदिग्ध के रूप में सामने आया था। सूत्रों के अनुसार, घटना को अंजाम देने के बाद तौसीफ कथित तौर पर पश्चिम बंगाल भाग गया था और कोलकाता के आनंदपुर इलाके में छिपा हुआ था, जहां से कोलकाता स्पेशल टास्क फोर्स ने उसे धर दबोचा। यह भी बताया जा रहा है कि उसके लकवाग्रस्त भाई के पैर में भी गोली लगी थी। तौसीफ को कोलकाता की एक अदालत में पेश किया जाएगा और कानूनी प्रक्रिया के तहत ट्रांजिट रिमांड पर पटना लाया जाएगा। इस बीच, तीन और संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

एक अधिकारी ने बताया, 'प्रारंभिक पूछताछ से पता चला है कि हत्या की पूरी साजिश गिरफ्तार किए गए संदिग्धों में से एक निशु खान के घर पर रची गई थी। इस जघन्य अपराध को मुख्य रूप से तौसीफ ने अंजाम दिया। अन्य संदिग्धों से भी पूछताछ जारी है ताकि इस मामले की सभी कडियां जोडी जा सकें।'

सीसीटीवी फुटेज और सूत्रों के अनुसार, हमले से कुछ मिनट पहले एक निगरानी वीडियो में तौसीफ कथित तौर पर सुबह 7:13 बजे अस्पताल के बाहर आता हुआ दिखा। उसके साथ एक हेलमेट पहने व्यक्ति भी था जिसके पास एक बैग था। इसके तुरंत बाद, चार अन्य लोग, सभी टोपी पहने हुए, उसके साथ आ जाते हैं, और तौसीफ द्वारा उन्हें अस्पताल के अंदर ले जाने से पहले वे कुछ देर तक एक-दूसरे से लिपटे रहते हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, 'इस ऑपरेशन में कम से कम छह लोगों के सीधे तौर पर शामिल होने का संदेह है।

### मौसम

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

### बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 82,530.74 |
| निफटी | 25,062.10 |

## स्वर्ण मंदिर धमकी मामला: कांग्रेस सांसद ने मुख्यमंत्री मान से अमृतसर आने की अपील की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस सांसद गुरजीत सिंह औजला ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की आलोचना करते हुए कहा कि स्वर्ण मंदिर को बम से उड़ाने की धमकियों के छह दिन बाद भी मुख्यमंत्री ने अमृतसर का दौरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि स्वर्ण मंदिर की सुरक्षा केंद्र और राज्य की संयुक्त जिम्मेदारी है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) प्रमुख हरजिंदर सिंह धामी ने बुधवार को कहा कि गुरुद्वारा निकाय को 14 जुलाई से स्वर्ण मंदिर को उड़ाने की धमकी वाले पांच ई-मेल मिले हैं। औजला ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस ने फरीदाबाद से एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर शुभम दुबे को हिरासत में लिया है, लेकिन एक और धमकी भरा मेल मिलने से चिंता बनी हुई है। औजला ने मुख्यमंत्री मान से लोगों से रूबरू होने और उन्हें मामले की पूरी जानकारी देने की अपील की। उन्होंने सवाल किया, वह खुद अभी तक अमृतसर क्यों नहीं आये औजला ने कहा कि श्रद्धालु डरे हुए हैं।

## जुलाई में पीएम मोदी का 'मिशन विदेश'

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

### ब्रिटेन-मालदीव में भारत की धाक जमाने की तैयारी



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के अंत में दो महत्वपूर्ण विदेशी दौरों पर जा रहे हैं। वे पहले ब्रिटेन और फिर मालदीव की यात्रा करेंगे, जिससे दोनों देशों के साथ भारत के संबंधों को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है।

### ब्रिटेन का दौरा, चौथी बार जाएंगे लंदन

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के न्योते पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 और 24 जुलाई 2025 को यूनाइटेड किंगडम की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। यह प्रधानमंत्री मोदी की ब्रिटेन की चौथी यात्रा होगी। इस दौरान दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच कई अहम मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है, जिनमें व्यापार, सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन जैसे विषय शामिल हो सकते हैं। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब भारत और ब्रिटेन अपने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं।

#### मालदीव का राजकीय दौरा, तीसरी बार जाएंगे माले

ब्रिटेन से सीधे, प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्रा के दूसरे चरण में मालदीव का रुख करेंगे। वे 25 और 26 जुलाई 2025 को मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के न्योते पर एक राजकीय यात्रा पर मालदीव जाएंगे। यह प्रधानमंत्री मोदी की मालदीव की तीसरी यात्रा होगी। हाल के दिनों में भारत और मालदीव के बीच संबंधों में कुछ उतार-चढ़ाव देखे गए हैं, ऐसे में यह यात्रा दोनों देशों के बीच संबंधों को फिर से पटरी पर लाने और सहयोग के नए रास्ते तलाशने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### संक्षिप्त समाचार

#### महाराष्ट्र में एक ही परिवार के चार सदस्य समुद्र तट पर डूबे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, महाराष्ट्र के रत्नागिरि जिले में आरे-वारे समुद्र तट पर शनिवार शाम एक ही परिवार के चार सदस्य डूब गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी के अनुसार, यह हादसा शाम छह बजे के करीब हुआ। मृतकों की पहचान ओसवाल नगर, रत्नागिरी के निवासी जुनैद बशीर काजी (36), उनकी पत्नी जैनब (28) और ठाणे जिले के मुंब्रा में रहने वाले उनके रिश्तेदार उज्मा शमशुद्दीन काजी (18) और उमेरा शमशुद्दीन शेख (20) के रुप में की गई है। एक अधिकारी ने कहा, वे सभी पानी में खड़े होने के दौरान एक बड़े ज्वार में बह गए।

#### बिहार विशेष गहन पुनरीक्षण: लगभग 42 लाख मतदाता अपने पते पर नहीं मिले-निर्वाचन आयोग

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, निर्वाचन आयोग ने शनिवार को कहा कि बिहार में लगभग 42 लाख मतदाता अपने पते पर नहीं मिले, जबकि 7.50 लाख से अधिक मतदाताओं ने कई स्थानों पर अपना पंजीकरण कराया हुआ है। राज्य की मतदाता सूची के जारी विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान, लगभग 7.90 करोड़ मतदाताओं में से 95.92 प्रतिशत मतदाताओं को शामिल किया गया है, तथा इस कार्य के लिए अभी छह दिन और शेष हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा कि वह अपने बूथ स्तर के अधिकारियों और राजनीतिक दलों के बूथ स्तर के एजेंट के माध्यम से प्रत्येक मतदाता तक पहुंचने का प्रयास कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अगस्त में प्रकाशित होने वाली मसौदा मतदाता सूची से कोई भी पात्र मतदाता छूट न जाए।

## मानसून सत्र से पहले हलचल तेज, विपक्ष की अहम मांगों पर सरकार ने भरी हामी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, संसद का मानसून सत्र कल यानी 21 जुलाई से शुरू हो रहा है, जो 21 अगस्त तक चलेगा। सत्र शुरू होने से ठीक पहले आज हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने सरकार के सामने कई बड़े मुद्दों पर बहस की मांग रखी है। इनमें ऑपरेशन सिंदूर और सीमा पर चल रहे संघर्ष जैसे संवेदनशील मुद्दे प्रमुख हैं। अच्छी खबर यह है कि केंद्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर पर बहस कराने की विपक्ष की मांग मान ली है।



### विपक्ष के एजेंडे में क्या है?

शनिवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने अपनी 24 घटक पार्टियों के साथ एक वर्चुअल बैठक की थी। इस बैठक में आठ प्रमुख मुद्दों पर सहमति बनी, जिन्हें विपक्ष मानसून सत्र के दौरान सरकार के सामने उठाएगा। इन मुद्दों में शामिल हैं:

पहलगाम आतंकी हमला: हाल ही में हुए इस हमले पर विपक्ष सरकार से जवाबदेही मांगेगा।

ऑपरेशन सिंदूर: सरकार ने इस पर बहस की मांग मान ली है, जिससे इस मुद्दे पर गरमागरम चर्चा होने की उम्मीद है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा युद्धविराम की घोषणा: विपक्ष इस पर भारत की स्थिति और विदेशी हस्तक्षेप पर सवाल उठा सकता है।

भारत की विदेश नीति: विपक्ष सरकार की विदेश नीति के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की मांग करेगा।

बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण: यह एक चुनावी राज्य का मुद्दा है और विपक्ष इस पर भी बहस चाहता है। हालांकि, सूत्रों के अनुसार, सरकार ने अभी तक इस पर बहस को लेकर कोई फैसला नहीं लिया है।

बैठक में कौन-कौन शामिल हुए?

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की वर्चुअल बैठक में कई बड़े नेता मौजूद थे। इनमें कांग्रेस से सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, के.सी. वेणुगोपाल और जयराम रमेश शामिल थे। इसके अलावा, समाजवादी पार्टी से राम गोपाल यादव, टीएमसी से अभिषेक बनर्जी, शिवसेना (यूबीटी) से उद्धव ठाकरे और संजय राउत, एनसीपी (शरद पवार गुट) से शरद पवार और जयंत पाटिल, नेशनल कॉन्फ्रेंस से उमर अब्दुल्ला, जेएमएम से हेमंत सोरेन, आरजेडी से तेजस्वी यादव, और डीएमके से तिरुचि एन शिवा ने शिरकत की। वामपंथी दलों का प्रतिनिधित्व सीपीआई से डी राजा, सीपीआई (एम) से एम ए बेबी और सीपीआई (एमएल) लिबरेशन से दीपांकर भट्टाचार्य ने किया। केरल कांग्रेस (एम) के सांसद जोस के मणि, आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन, विदुथलाई चिरुथैगल काची के थिरुमावलवन और आईयूएमएल के के एम कादर मोहिदीन भी इस महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हुए।

## दिल्ली में एक साल में पक्षियों की 221 प्रजातियों का पता लगाया गया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली बर्ड एटलस पहल के शुरूआती एक वर्ष में राष्ट्रीय राजधानी के आर्द्रभूमि, रिज वनों, शहरी क्षेत्र से सटे गांवों और कॉलोनियों में पक्षियों की कुल 221 प्रजातियों के बारे में पता चला है। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार यह आम लोगों की एक पहल है, जिसमें 200 से अधिक स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया और 1,150 पक्षियों की सूची तैयार की गई। एटलस का एक वर्ष पूरा होने के मौके पर इस सप्ताह लोधी रोड स्थित वर्ल्ड वाइड फंड (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) ऑडिटोरियम में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। बयान में कहा गया है कि दिल्ली बर्ड एटलस टीम नेवन विभाग और अन्य संरक्षण समूहों के सहयोग से इसका नेतृत्व किया। इस परियोजना में पक्षियों का पता लगाने के लिए मौसमी, ग्रिड-आधारित पद्धति का उपयोग किया गया है और वैश्विक ईबर्ड प्लेटफॉर्म के माध्यम से पक्षियों का डेटा साझा किया गया है। मुख्य वन्यजीव वार्डन श्याम सुंदर कांडपाल ने बताया, दिल्ली बर्ड एटलस बहुत अच्छा काम कर रहा है और उन्हें हमारा पूरा समर्थन प्राप्त है। दिल्ली के वन संरक्षक जेबेस्टिन ए. ने बताया कि इतने कम समय में 100 प्रतिशत क्षेत्र में कार्य पूरा करना एक सराहनीय प्रयास है।

## अमरनाथ यात्रा के लिए 4,000 से अधिक तीर्थयात्रियों का एक और जत्था रवाना

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए भगवती नगर आधार शिविर से 900 महिलाओं सहित 4,388 तीर्थयात्रियों का 20वां जत्था रविवार को रवाना हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अनंतनाग में नुनवान-पहलगाम और गांदरबल में बालटाल मार्गों से यह 38 दिवसीय वार्षिक यात्रा तीन जुलाई को शुरू हुई थी। उन्होंने बताया कि अब तक 2.90 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं। अधिकारियों के अनुसार, दोनों मार्गों पर यात्रा सुचारू रूप से जारी है और आज (रविवार को) दिन में तीर्थयात्रियों की संख्या तीन लाख के आंकड़े को पार कर जाने की संभावना है। उन्होंने बताया कि 130 साधुओं एवं साध्वियों सहित तीर्थयात्रियों का एक और जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अलग-अलग काफिलों में आधार शिविर से पहलगाम और बालटाल के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 115 वाहनों के काफिले में 2,815 तीर्थयात्री पहलगाम के लिए रवाना हुए, जबकि 95 वाहनों में सवार 1,573 तीर्थयात्रियों ने बालटाल मार्ग को प्राथमिकता दी। यह तीर्थयात्रा नौ अगस्त को रक्षा बंधन के दिन समाप्त होगी।

## 15 महीने की देरी के बाद भारतीय सेना में अपाचे हेलीकॉप्टर की एंट्री

### जोधपुर में होगी पहली तैनाती

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, 15 महीनों की लंबी देरी के बाद, भारतीय सेना को आखिरकार उसके पहले अपाचे AH-64E लडाकू हेलीकॉप्टर मिलने वाले हैं। सूत्रों के अनुसार, अगले दो दिनों में इन शक्तिशाली हेलीकॉप्टरों की पहली खेप भारतीय सेना में शामिल हो जाएगी। हालांकि इसकी अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन उम्मीद है कि आज या कल में तीन अपाचे हेलीकॉप्टर जोधपुर पहुंच जाएंगे। आपूर्ति और सेना में शामिल करने से पहले एक संयुक्त प्राप्ति निरीक्षण किया जाएगा।

कुल छह अपाचे हेलीकॉप्टरों में से यह शुरूआती तीन इकाइयां होंगी। जोधपुर में पहले से ही एक स्क्वाड्रन स्थापित किया जा चुका है, जहां इन हेलीकॉप्टरों को पश्चिमी सीमा पर तैनात किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में भारतीय सेना की मारक क्षमता में जबरदस्त इजाफा होगा।

### अपाचे हेलीकॉप्टर इतने महत्वपूर्ण क्यों हैं?

AH-64E अपाचे दुनिया के सबसे उन्नत लडाकू हेलीकॉप्टरों में से एक है। इसे विशेष रूप से दुश्मन के इलाकों में सटीक और शक्तिशाली हमले करने के लिए डिजाइन किया गया है। अमेरिकी रक्षा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी बोइंग द्वारा निर्मित, अपाचे वर्तमान में संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, इजराइल, मिस्र जैसे कई देशों की सशस्त्र सेनाओं द्वारा उपयोग किया जा रहा है, और अब भारत भी इसका एक प्रमुख उपयोगकर्ता बन गया है।

भारत ने सबसे पहले 2015 के एक समझौते के तहत भारतीय वायु सेना के लिए 22 अपाचे हेलीकॉप्टर हासिल किए थे। अब शामिल किए जा रहे ये छह नए हेलीकॉप्टर विशेष रूप से भारतीय सेना के विमानन कोर के लिए हैं, जो जमीनी अभियानों में सेना को अभूतपूर्व हवाई सहायता प्रदान करेंगे।

### अपाचे हेलीकॉप्टर की विशेषताएं

बोइंग के अनुसार, अपाचे 'नवीनतम संचार, नेविगेशन, सेंसर और हथियार प्रणालियों' से लैस है, जो इसे युद्ध के मैदान में एक दुर्जेय शक्ति बनाता है। उन्नत लक्ष्यीकरण प्रणाली: इसमें एक आधुनिकीकृत लक्ष्य प्राप्ति पदनाम प्रणाली है। यह पायलटों को दिन और रात, साथ ही बारिश, धूल या कोहरे जैसी कम दृश्यता वाली स्थितियों में भी लक्ष्यों की सटीक पहचान करने और उन पर हमला करने में मदद करती है।

## शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने के साथ 3 लाख रुपये ठगने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में एक महिला ने युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने के साथ 3 लाख रुपये ठगने का आरोप लगाया है। मूलरूप से गोरखपुर जिले की रहने वाली पीड़िता के मुताबिक वह बदाली खेड़ा में रहकर मजदूरी करती है। उसका कहना है कि उन्नाव के पुरवा स्थित ऊँचगांव निवासी रोहित कश्यप ने शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण किया और 3 लाख रुपए भी ठग लिए। पीड़िता के मुताबिक उसकी पहली शादी 2017 में पिन्टू नामक युवक से हुई थी। लेकिन संतान नहीं होने के कारण उसके पति ने दूसरी शादी कर ली। इसके बाद वह अकेली रहने लगी। आरोप है कि 13 जून 2024 को रोहित कश्यप ने उससे शादी का वादा किया और अपने परिवार वालों से भी मिलवाया। आरोप है कि रोहित ने शादी से पहले ही पीड़िता का शारीरिक शोषण शुरू कर दिया और इस दौरान शादी के नाम पर धीरे-धीरे 3 लाख रुपए भी उससे ले लिए। पीड़ित महिला का कहना है कि शादी का दबाव बनाने पर आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने उससे अपने पैसे मांगना शुरू किया तो वह उसके साथ मारपीट करने लगा। पीड़ित महिला का कहना है कि 11 जून 2025 को रोहित अपने दोस्त दीपक के साथ नशे में घर आया और उससे मारपीट की। इतना ही नहीं अगले दिन भी उसने पीड़िता को मारा पीटा। तब जान का खतरा देख पीड़ित महिला ने अपनी परिचित सीमा के घर में शरण ली। पीड़िता ने बताया कि रोहित ने एक साल तक उनका शारीरिक और मानसिक शोषण किया। फिलहाल पीड़ित महिला की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## वरिष्ठ समाज सेवी अनमोल तिवारी को सौंपा गया प्रदेश सचिव का दायित्व......

### भाकियू लोकतांत्रिक का कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक गुट द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन मोहनलालगंज क्षेत्र के बलसिंह खेड़ा गांव में स्थित मां जगत जननी धाम परिसर में किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान का कार्यकताओं ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया सम्मेलन में ग्रामीण अंचल से भारी संख्या में किसान व युवा जुटे इस दौरान दो दर्जन से अधिक लोगों ने संगठन की सदस्यता भी ग्रहण की राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान ने अपने संबोधन में केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों पर जमकर प्रहार किया उन्होंने कहा कि बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं चरमराई हुई हैं सरकारें जनता के हितों की अनदेखी कर रही हैं उत्तर प्रदेश में ऊर्जा मंत्री कह रहे हैं कि न बिजली आएगी न बिल आएगा तो फिर व्यवस्था कैसे चलेगी।उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों को योजनाबद्ध ढंग से बंद किया जा रहा है ताकि नेताओं के निजी स्कूलों को फायदा मिल सके उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसे फैसलों पर रोक नहीं लगी तो संगठन सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगा कार्यक्रम के दौरान संगठन का विस्तार राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा किया गया कई पदाधिकारियों की घोषणा की गई जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ समाजसेवी अनमोल तिवारी को प्रदेश सचिव समर यादव को जिला संगठन मंत्री, आकाश को मोहनलालगंज तहसील का अध्यक्ष नियुक्त किया गया वहीं सुधाकर को सरोजनीनगर तहसील का अध्यक्ष बनाया गया करीब दो दर्जन युवाओं को संगठन में जिम्मेदारी सौंपी गई ।आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष अमर सिंह लोधी जिला प्रभारी अशोक मौर्या राष्ट्रीय महामंत्री विनीत सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजाराम लोधी, समाज सेवी रामकुमार यादव सहित संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे कार्यक्रम की व्यवस्था का जिम्मा संभाल रहे आयोजक अनमोल तिवारी ने सभी आगंतुकों का आभार जताया और किसानों की आवाज को मजबूती से उठाने का संकल्प लिया।

## माल गाड़ी ट्रेन के आगे लेट कर युवक ने की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार



मृतक विनोद फाइल – फोटो

लखनऊ। बीते शनिवार को पिता की किसी बात से आहत होकर युवक ने अगले दिन ट्रेन के आगे लेट कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने जीआरपी पुलिस को सूचना दी। जीआरपी पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना देकर शव कापंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के सुरगौला निवासी विनोद (25) शनिवार दोपहर बाद पिता की किसी बात से आहत होकर घर से निकला था। देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने आसपास काफी तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। अगले दिन रविवार को पता चला कि कहला के पास दिलावर नगर स्टेशन के सामने डाउन ट्रैक पर हरदोई की ओर से आ रही माल गाड़ी की चपेट में आने से विनोद की मौत हो गई। वहीं जीआरपी पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिता ने बताया कि वह इकलौता पुत्र था. और विनोद की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह अक्सर घर से निकल जाता था। लोगों ने रेलवे से परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की है।मृतक के परिवार में माता सावित्री और बहन अनीता व सुनैना हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सहयोग परिवार परिसर में उद्यमिता विकास कार्यक्रम आधारित पश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। विश्व युवा कौशल दिवस सप्ताह के तहत रविवार को सरोजनीनगर की देवलोक कालोनी स्थित सहयोग परिवार परिसर में उद्यमिता विकास कार्यक्रम आधारित पश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड) के मुख्य परामर्शदाता प्रदीप कुमार अरोड़ा ने कहा कि तकनीक ने हमारे जीवन को बेहद आसान बना दिया है। एक समय बेहद कठिन माने जाने वाले कार्य अब एआई की बदौलत कम समय में बेहद सरलता से किये जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि एआई व्यावसायिक सफलता और उद्यमशीलता नवाचार के लिए एक बुनियादी आवश्यकता बनता जा रहा है। वहीं निसबड द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में दीक्षा यादव, मीठी रावत, अदिति दुबे, पूजा कुमारी, संकल्प, देवेन्द्र गौतम, अभय कुमार व सूरज कुमार ने 20 में से सभी 20 प्रश्नों के सही जवाब दिए और पहले स्थान पर रहे। जबकि वर्षा राजपूत व आरती रावत ने 19-19 प्रश्नों का सही जवाब देकर दूसरा स्थान हासिल किया। जबकि आरती सोनकर, पायल, मोहिनी तथा अजय कुमार यादव ने 20 में से 18-18 प्रश्नों के सही जवाब देकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। उधर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर एक से अधिक प्रतिभागियों के होने पर लॉटरी द्वारा विजेता का चयन किया गया। जिसमें पहले स्थान पर दीक्षा यादव, दूसरे पर वर्षा राजपूत और तीसरे स्थान पर पायल रही। बाद में सभी विजयी प्रतिभागियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सहयोग परिवार के अध्यक्ष अंकुर राज किशोर पासी ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। जबकि कार्यक्रम में प्रशिक्षक अतुल राय एवं शशिकला सहित तीन दर्जन से अधिक प्रतिभागी मौजूद रहे।

## रंगदारी मांगने वाला वांछित आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज ।सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा के निर्देशन और प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में मोहनलालगंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है रंगदारी और जबरन वसूली के मामले में वांछित चल रहे आरोपी अमर सिंह को पुलिस टीम ने नहर किनारे घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया।

### आधा दर्जन से अधिक गंभीर मुकदमों में था फरार मऊ गांव के नहर किनारे से दबोचा गया आरोपी.....

घटनाक्रम पीड़िता पद्मजा सिंह पत्नी राजीव सिंह निवासी 407, वृंदावन योजना, सेक्टर-6सी, तेलीबाग लखनऊ, पद्मजा ग्रुप कंपनी की सह-निदेशक हैं उन्होंने मोहनलालगंज के रायभानखेड़ा गांव में वर्ष 2022 में फेज-4 नाम से एक प्लॉटिंग साइट विकसित की थी उसी दौरान स्थानीय निवासी अमर सिंह पुत्र प्रताप सिंह ने पीड़िता के पति से धमकाते हुए 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी और बाद में अलग-अलग किस्तों में कुल 17 लाख 4 हजार 801 रुपये ऑनलाइन जबरन वसूलेपीड़िता की तहरीर पर मोहनलालगंज थाने में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया था आरोपी तब से फरार चल रहा था पुलिस टीम ने विशेष सूचना के आधार पर मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के मऊ की नहर के पास से उसे धर दबोचा पुलिस रिकॉर्ड खंगालने पर पता चला कि अमर सिंह के खिलाफ मारपीट, धमकी और जानलेवा हमले जैसे आधा दर्जन से अधिक मुकदमे पूर्व में भी दर्ज हैं गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।पुलिस टीम की सक्रियता और रणनीतिक कार्रवाई से एक और शातिर अपराधी सलाखों के पीछे पहुंचा मोहनलालगंज क्षेत्र में बढ़ते अपराधों पर लगाम कसने की दिशा में पुलिस की यह कार्रवाई अहम मानी जा रही है।

## संत का तालाब किनारे मिला शव, बैग में मिला पत्नी के नाम सुसाइड नोट

अमन लेखनी समाचार



मृतक दयाराम – फोटो

लखनऊ। बीते शनिवार से लापता संत का शव तालाब के पास सड़क किनारे मिला राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस को उनके पास से बैग में सुसाइड नोट और पास में कीटनाशक की शीशी व एक शराब का पाउच पड़ा मिला।जिससे उसकी शिनाख्त करा परिजनों को सूचना देकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।काकोरी थाना क्षेत्र के फूल बाग निवासी दयाराम (70) काकोरी में स्थित रैदास मंदिर पर वह अपनी पत्नी के साथ काफी समय से रह रहे थे। शनिवार को वह किसी को बिना बताये वहां से चले गए थे। अगले दिन रविवार दोपहर को रहीमाबाद के माल गहदो रोड पर कृषि फार्म तालाब के पास सड़क किनारे संत का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला उनके मुंह से झाग निकल रहा था। दयाराम के पास मिले बैग में शराब का एक पाउच, दो कीटनाशक की शीशियां एक टॉयलेट क्लीनर था। साथ ही एक सुसाइड नोट भी था. जिसमें लिखा था कि रामावती तुमने हमारी अच्छी सेवा की और हम तुम्हारे लिए कुछ नहीं कर पाए।और उस सुसाइड नोट में मोबाइल नंबर भी अंकित था.

परिजनों ने बताया कि दयाराम शनिवार को निकले थे। इसके बाद उनका कुछ पता नहीं चला।मृतक दयाराम के परिवार में पत्नी रामावती व बेटा हरिओम और बेटी शोभा है जिनका रो-रो कर बुराहल है।इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर आनंद द्विवेदी ने बताया कि परिजनों द्वारा अभी कोई तहरीर नहीं मिली है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## कांवड लेकर पैदल निकली महिलाएं, महादेव को किया जलाभिषेक



कांवड लेकर जाती महिलाएं – युवतियां

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सावन माह में कांवड़ लेकर महिलाएं. युवतियां काफी संख्या में पैदल निकली। यात्रा का शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ रहीमाबाद कस्बे में पश्चिम शिवालय मंदिर से शुरू हुई। जो आस्था का प्रतीक मां बाराह देवी मंदिर अटेर में पहुंची जहां कुंड से जल भरकरमहादेव को जल अर्पित करने के लिए पैदल निकल पड़ी।

वह सभी श्रद्धालूगण रहीमाबाद के पश्चिम शिवालय मंदिर पर पहुंचकर जलाभिषेक करेंगे। इस मौके पर वैशाली गुप्ता, नैना गुप्ता, पलक गुप्ता, प्रगति सोनी, विमला कश्यप, सीता कश्यप, ऊषा कश्यप, शिवानी कश्यप, मीरा वर्मा कावड़ लेकर रवाना हुई। उन्होंने कहा कि हर वर्ष भक्त इस यात्रा में भाग लेते हैं और भगवान शिव का जलाभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त करते हैं। यात्रा को लेकर सभी भक्त जोश से भरे हैं और श्रद्धाभाव से इसे पूरा करेंगे।

## आज भी तम्बू और तिरपाल में चल रही है ग्राम सभा की खुली बैठके

### बिना अपने घर के अधूरी लग रही है पंचायते

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज।जहां से पूरे प्रदेश की ग्राम सभाओं के विकास की रूपरेखा तय होती है, राजधानी के उन्ही गांवो की पंचायते आज भी तम्बू और तिरपाल के नीचे ग्राम सभा की खुली बैठकर कर रहे हैं राजधानी की सीमा के अंदर ही विकास योजनाएं दम तोड़ रही एक दशक पूर्व गठित नई पंचायत को अभी तक उनका पंचायत घर नहीं मिला कहीं नए भवन के लिए प्रस्ताव भेजा गया है, तो कहीं पुराने सामुदायिक केंद्र पर ही ₹पंचायत घर₹ का बोर्ड लगा दिया गया है ग्राम सभा डिघारी और रामदासपुर 10 दशक पूर्व राजस्व ग्राम के परिसीमन के बाद अलग ग्राम सभा सृजित हुई थी लिहाजा पुरानी पंचायत में तो पंचायत भवन था लेकिन अलग होने पर दोनों ही ग्राम सभाओं में भवन नही था दस साल का समय बीत गया और हालत अभी भी जस के तस है आलम यह है कि डीघारी गांव की आज भी आम कार्ययोजना आम लोंगो की सहमति के लिए खुले में टेंट के नीचे तैयार होती है प्रधान ज्ञान प्रकाश यादव ने बताया कि नए भवन का प्रस्ताव भेजा गया है, बजट आने पर भवन का निर्माण होगा आज भी गांव के लोग ग्राम सभा से संबंधित काम करने के लिए जब सचिव से मुलाकात करने की जरूरत होती है तो किसी होटल या ढाबे अथवा सड़क के किनारे मिलकर अपनी समस्या सुनते हैं वही रामदासपुर गाँव के प्रधान ने बताया कि उनकी भी ग्राम सभा में पंचायत भवन का प्रस्ताव काफी पहले भेजा गया है लेकिन अभी तक कोई सकारात्मक जवाब नहीं आया है फिलहाल सामुदायिक भवन को ही पंचायत घर मान लिया गया है वहीं पर बैठके और आमसभा होती है ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब गांव के पास पंचायत घर ही नहीं है, तो ग्राम सभा के सरकारी दस्तावेज संबंधित जिम्मेदार कहां रखेंगेबीडीओ मोहनलालगंज ने बताया कि, दोनों ही ग्राम सभाओं का प्रस्ताव पंचायतीराज विभाग को भेजा जा चुका है जल्द ही दोनों ग्राम सभाओं में निर्माण होगा।

## प्रदेश जनहित व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय में विधानसभा महिला प्रकोष्ठ का किया गया गठन

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मंडल के सरोजनी नगर स्थित प्रदेश कार्यालय में रविवार को सरोजनी नगर विधानसभा महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान हेमलता सिंह को विधानसभा प्रभारी और नीरू तिवारी को सरोजनी नगर विधानसभा का अध्यक्ष घोषित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि हेमलता सिंह विभिन्न संगठनों में रहकर पिछले 20 वर्षों से लगातार समाज के सभी तबकों की सेवा कर रही हैं। उनको प्रभारी बनाए जाने से संगठन को उनके अनुभव का काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि नीरू तिवारी समाज सेवा में समर्पित होने के साथ गंभीर व्यक्तित्व और जुझारू छवि वाली हैं। वह सदैव समाज और व्यापारियों की सेवा करने को तैयार रहती हैं। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन में पद ही सब कुछ नहीं, बल्कि व्यक्ति के काम करने की लगन और संगठन के प्रति उनकी निष्ठा उसे ऊंचाइयों पर ले जाती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान और उनकी सुरक्षा के प्रति संगठन सदैव अग्रसर रहेगा। वहीं कार्यक्रम में दोनों मनोनीत पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति निष्ठा जताते हुए मेहनत और लगन से संगठन को ऊंचाइयों पर ले जाने का भरोसा दिया। इस दौरान व्यापार मंडल के प्रदेश महासचिव दिलीप द्विवेदी और सरोजनी नगर विधानसभा प्रभारी जितेंद्र कुमार हजेला ने दोनों मनोनीत पदाधिकारियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। बैठक में कार्यालय प्रभारी राजकुमार मौर्य, महासचिव रवीश श्रीवास्तव, विधानसभा संगठन मंत्री प्रेमलता श्रीवास्तव, वार्ड उपाध्यक्ष शीला चौधरी, पूनम, रमा, आशा, रेनू, लता, अस्मिता, सुनीता जायसवाल, ममता सिंह और प्रेमा शर्मा सहित कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## महिला ने की पंखे से लटककर आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। रविवार को मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब एक महिला द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना सामने आई जानकारी के अनुसार, 32 वर्षीय श्रीमती किरण रावत पत्नी सुभाष कुमार ने अपने आवास पर पंखे के कुंडे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर कार्रवाई शुरू की पुलिस के अनुसार, मृतका की शादी वर्ष 2011 में हुई थी और उसका एक 10 वर्षीय बेटा आदर्श रावत है प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है हालांकि वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है मृतका का मायका निगोहा थाना क्षेत्र के करनपुर गांव में स्थित है घटना की सूचना मृतका के परिजनों को दे दी गई है ।मोहनलालगंज थानाप्रभारी दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी पुलिस का कहना है कि परिजनों की तहरीर के आधार पर अगली कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है, आत्महत्या के पीछे का कारण पारिवारिक कलह बताया जा रहा है हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि पोस्टमार्टम व जांच रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी।

## जहरीला पदार्थ सेवन करने से किसान की हालत गंभीर, बलरामपुर रेफर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। नगर पंचायत के एक किसान द्वारा जहरीला पदार्थ सेवन करने का मामला सामने आया है। रविवार दोपहर को मलिहाबाद थाना क्षेत्र के फिरोजपुर निवासी श्रीपाल (45) ने अज्ञात कारणों से विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया।घटना के समय श्रीपाल की पत्नी जनक दुलारी घर पर बर्तन धो रही थीं। उन्हें बाद में पति द्वारा जहरीला पदार्थ सेवन की जानकारी मिली। परिजनों ने तुरंत श्रीपाल को मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने श्रीपाल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें एंबुलेंस से बलरामपुर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज चल रहा है ।मलिहाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह भाटी ने घटना की पुष्टि की है। अभी तक विषाक्त पदार्थ सेवन का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।



अस्पताल में भर्ती श्रीपाल – फोटो

## जानवर चराने से मना किया तो पुरानी रंजिश में किसान को पीटा, खेत की खड़ी फसल भी बर्बाद

अमन लेखनी समाचार/सौरभ सिंह



मोहनलालगंज। खेत की रखवाली कर रहे एक किसान पर जानवर चराने से रोकने पर हमला कर दिया गया घटना निगोहां थाना क्षेत्र के मगटईया गांव में रविवार को पुरानी रंजिश के चलते मामूली कहासुनी मारपीट में बदल गई हमले में किसान को गंभीर चोटें आईं और खेत की खड़ी धान की फसल को भी नुकसान पहुँचाया।वही पीड़ित रामचंद्र ने बताया कि वह अपने खेत में बोई गई चरी और खड़ी धान की फसल की रखवाली कर रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि कुछ जानवर फसल में चर रहे हैं जब उन्होंने जानवरों को खेत से हटाने और चराने से रोकने की कोशिश की तो अमर सिंह पुत्र हनुमान सिंह, तेदु सिंह पुत्र हनुमान सिंह और उनका भांजा मौके पर आ धमके और गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट करने लगे रामचंद्र ने बताया कि उक्त लोगों से उनकी पहले से रंजिश चली आ रही है, इसी वजह से विरोध करने पर बात हाथापाई तक पहुंच गई घायल अवस्था में रामचंद्र किसी तरह निगोहा थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए मोहनलालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां उनका उपचार चल रहा है ।निगोहा थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई करते हुए जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# संक्षेप

## बीएलओ को हटाने की मांग, सीएम पोर्टल पर की शिकायत

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र अन्तर्गत अपने ही गाँव में नियुक्त बी० एल०ओ० के चुनाव लड़ने की संभावना से अन्य प्रत्याशियों ने वोटो की हेराफेरी को लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर किसी अन्य बी एल ओ की नियुक्ति की मांग की है। मामला विकासखंड सुमेरपुर की ग्राम पंचायत जंगल बुजुर्ग का है। यहा के निवासियों का कहना है कि गाँव की ही उमा सिंह ग्राम सभा का चुनाव लड़ती है। वर्तमान में वह शिक्षा मित्र के साथ बीएलओ भी बनाई गई है। पिछले पंचायत चुनाव में ग्राम वासियों की शिकायत पर उमा सिंह को गाँव से हटा अन्य गाँव में वोटर लिस्ट में संसोशन व पुनरीक्षण कार्य हेतु लगाया गया था। साथ ही पिछले विधान सभा चुनाव में मतदाता सूची का कार्य संजीव कुमार सहायक शिक्षक, कमलेश कुमार सहायक शिक्षक की ड्यूटी लगा कराया गया था लेकिन इस बार खण्ड शिक्षा अधिकारी अखिलेश कुमार वर्मा ने उमा सिंह को फिर से 105 प्राङ्ग पाठशाला जंगल बुजुर्ग पूर्वी व 106 प्रा० पाठशाला जंगल बुजुर्ग पङ्ग का बी०एल०ओ० बना दिया है। ग्रामवासियों में राज बहादुर ,रामचंद्र ,साजन,रीता सिंह,राजेन्द्र बहादुर ,राजाराम आदि लोगो ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर पार्टी बंदी कर वोट काटने की आशंका को लेकर किसी अन्य को बी एल ओ बनाने की मांग की है।

## खेत के पास बने गड्ढे में भरे पानी में गिरने से किसान की मौत

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण के दौरान हुई लापरवाही से एक किसान की जान चली गई। मत्तूखेड़ा गांव के 50 वर्षीय श्रीकृष्ण पुत्र श्यामलाल शनिवार शाम को खेत में धान की बेढ़ लगवाने गए थे। काम के बाद वह खेत के पास बने गड्ढे में हाथ-पैर धो रहे थे। इसी दौरान वह फिसलकर गहरे पानी में चले गए और डूब गए। जब श्रीकृष्ण वापस नहीं लौटे तो खेत पर काम कर रहे मजदूरों ने खोजबीन की। कोई सुराग न मिलने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। आसीवन थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से कई घंटों बाद श्रीकृष्ण का शव पानी से निकाला गया। श्रीकृष्ण के परिवार में पत्नी शकुंतला देवी, तीन बेटे अजय, विजय और गोपाल तथा दो बेटियां रूबी और शिवानी हैं। इस दुर्घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। ग्रामीणों का कहना है कि एक्सप्रेस-वे निर्माण में ठेकेदार जेसीबी से अत्यधिक खुदाई कर रहे हैं। इससे खेतों के पास बड़े गड्ढे बन गए हैं। बारिश का पानी भरने से ये गड्ढे खतरनाक हो गए हैं। पहले भी इन गड्ढों में डूबने से कई जानें जा चुकी हैं। लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई ठोसकदम नहीं उठाया है। थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों द्वारा तहरीर मिलने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# उर्वरक की कालाबाजारी रोकने के लिए टोल फ्री नंबर हुआ जारी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। खरीफ की बुवाई का समय चल रहा है और ऐसे में किसानों को उर्वरकों की आवश्यकता सर्वाधिक रहती है। जिले में उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर किसी भी प्रकार की किल्लत न हो, इसके लिए, जिला कृषि विभाग पूरी तरह सतर्क है। जिला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों को समय पर और उचित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु विभाग द्वारा कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है और दो हेल्पलाइन नंबर 7839882173 तथा 9214848105 भी जारी किए गए हैं। किसान इन नंबरों पर किसी भी कार्यदिवस में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शशांक चौधरी ने बताया कि वर्तमान में जिले में उर्वरकों की उपलब्धता पूरी तरह संतोषजनक है। फिर भी, कालाबाजारी, ओवररेटिंग या टैगिंग जैसी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कृषि विभाग की टीम निरंतर जांच और निरीक्षण अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान यह पाया गया है कि कुछ विक्रेता अपने प्रतिष्ठान बंद कर लेते हैं या जांच के दौरान सहयोग नहीं करते, जो कि उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 का स्पष्ट उल्लंघन है। ऐसे विक्रेताओं को कड़ी चेतावनी दी गई है कि यदि भविष्य में भी निरीक्षण के समय प्रतिष्ठान बंद पाया गया या सहयोग नहीं मिला, तो उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। संबंधित विक्रेताओं का लाइसेंस निरस्त किया जा सकता है और दंडात्मक कार्यवाही भी की जाएगी। जिला कृषि अधिकारी ने किसानों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की कालाबाजारी, ओवररेटिंग या उर्वरक की अनुपलब्धता की स्थिति में तुरंत कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने आश्वासन दिया कि हर शिकायत पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। कृषि विभाग का यह कदम खरीफ फसलों की बुवाई के दौरान किसानों को राहत पहुंचाने और बाजार में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

# थके कांवड़िए की कांवर उठाकर ड्यूटी पर तैनात सिपाही ने दिखाई इंसानियत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत भगवंतनगर चौकी क्षेत्र का है जहा डयूटी पर तैनात सिपाही विपिन कुमार ने कांवड़िए को थका देख खुद कावड़ उठा मदद की। थाना क्षेत्र के ही मवइया गाँव निवासी आशीष कुमार हर वर्ष कांवड़ लेकर सरेनी थाना क्षेत्र के धानेश्वर शिव मंदिर जाते हैं। इस बार भी वह शुक्रवार को बक्सर के पावन गंगा तट से गंगाजल लेकर निकला। रात अधिक हो जाने के कारण कांवरिया आशीष ने रास्ते मे पड़ने वाले ऊंचगांव में विश्राम किया। कांवरिया आशीष जैसे ही भगवंतनगर पावर हाउस के पास पहुंचा वहां पर चौकी इंचार्ज देवेंद्र अवस्थी व सिपाही विपिन कुमार ड्यूटी पर तैनात थे। कांवरिया को थका देख सिपाही विपिन कुमार ने कावड़ अपने कंधे पर ले लिया और भगवंत नगर के फूलमती मंदिर तक सिपाही विपिन कुमार स्वयं कावड़ लेकर आया। चौकी इंचार्ज ने कावरिया को विधिवत फलाहार व भोजन कराया।



कांवरिया आशीष कुमार ने बताया वह सोमवार को सरेनी थाना क्षेत्र के घानेश्वर मंदिर में भोलेबाबा का जलाभिषेक करेगा। पुलिस विभाग द्वारा किए गए इस कार्य को कस्बे के लोग सराहना करने लगे।

# छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने वाले युवक को छात्रा ने सिखाया सबक

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में एक छात्रा ने छेड़छाड़ करने वाले युवक को सबक सिखाया। घटना पोनी रोड स्थित नीलम स्वीट हाउस के पास की है। स्कूल जा रही छात्रा से एक युवक ने अश्लील इशारे किए। छात्रा ने साहस दिखाते हुए मौके पर ही आरोपी को ईंट और थप्पड़ों से पीट दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आरोपी युवक सड़क किनारे खड़ा होकर स्कूल जा रही लड़कियों को देख आपत्तिजनक हरकतें कर रहा था। छात्रा के पास आने पर उसने अभद्रता की। पहले छात्रा ने उसे नजरअंदाज किया। लेकिन जब वह नहीं माना तो छात्रा ने सड़क किनारे पड़ी ईंट से उस पर हमला कर दिया। साथ ही कई थप्पड़ भी जड़े। वीडियो में छात्रा आरोपी से कहती दिख रही है, ₹तू लड़कियों को समझ क्या रखता है ?₹ कुछ लोगों ने युवक को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह भाग निकला। सूचना पर पहुंची गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने छात्रा से पूछताछ की। छात्रा ने बताया कि आरोपी ने पहली बार ऐसी हरकत की थी। इसलिए वह एफआईआर नहीं कराना चाहती। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पीड़िता को आश्वासन दिया गया है। भविष्य में शिकायत करने पर पुलिस हर संभव मदद करेगी। पुलिस वीडियो के आधार पर आरोपी की पहचान कर रही है, ताकि आगे ऐसी घटनाएं न हों।

# नहर में स्नान कर रहे युवक की पानी में डूबने से मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के मोहिद्दीनपुर गांव के पास स्थित नहर में रविवार सुबह एक युवक की डूबकर मौत हो गई। हड़हा गांव निवासी 20 वर्षीय अजय, जो खेत से लौटते समय नहर में नहाने उतर गया था। गहराई का अंदाजा न लग पाने की वजह से वह डूब गया। डूबते हुए देख आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया और तुरंत पानी में कूदकर अजय को बाहर निकाला। परिजन भी मौके पर पहुंच गए और उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों को यकीन नहीं हुआ तो वे अजय को एक निजी अस्पताल ले गए, वहां भी डॉक्टरों ने उसे मृत बताया। बेटे की मौत से टूट गया परिवार, मां बेसुध अजय की असमय मौत की खबर मिलते ही परिवार में



कोहराम मच गया। मां और परिजन रो-रोकर बेहाल हो गए। गांव में भी मातमी सन्नाटा पसर गया। अजय के पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है, ऐसे में घर की उम्मीद का उजाला बुझ जाने से परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा। सूचना मिलते ही अचलगंज पुलिस मौके पर पहुंची और नहर क्षेत्र का निरीक्षण किया। ग्रामीणों से पूछताछ के बाद पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह हादसा नहाते समय गहरे पानी में चले जाने के कारण हुआ है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# कॉलेज परिसर में पुरस्कार वितरण का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। सन डी सन पब्लिक इटर कालेज के वार्षिकोत्सव व मेधावियों के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में पहुचे एन बी जी ई आई समूह के वरिष्ठ प्रबंधक वेणु रंजन भदौरिया ने उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि अब कस्बों में संचालित कालेज से प्रतिवर्ष स्थान पाने वाले बच्चों का प्रतिशत बढ़ रहा है । बस लक्ष्य बनाकर लगन के साथ आगे बढ़ते रहे सफलता आपके पीछे-पीछे घूमेगी । कस्बे के मोहल्ला खुर्रम नगर स्थित कालेज में शनिवार देर शाम आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भदौरिया ने मौजूद बच्चो को देख उनका जमकर उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि मैंने देखा है कस्बे व गाव से निकल कर कंपटीशन की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं में गजब का आत्म विश्वास होता है वोह कई नौकरी मिलने के बाद भी छोड़ते है क्यो कि लक्ष्य हासिल होगा ऐसा विश्वास उन्हें लक्ष्य तक पहुचा देता है । उन्होंने छोटी कक्षाओं के बच्चों का मार्ग दर्शन करते हुए कहा कि सबजेक्ट के आधार पर भविष्य की पहचान करे । उसी विषय मे आगे बढ़े जिस पर आपको अधिक विश्वास हो । इस दौर में चाहे मेडिकल क्षेत्र हो चाहे व्यवसायिक शिक्षा होनहारों को सफल होने से कोई रोक नही सकता । प्राचार्य टी एन फारूकी ने कहा कि इस दौर के बच्चों में जबरदस्त बदलाव देखने को मिला है वोह भविष्य के प्रति सजग है बस अभिभावकों को उनके प्रति थोड़ा ध्यान देने की जरूरत है उनके द्वारा चुने गए शिक्षा क्षेत्र में आगे बढ़ाने में उनका हौसला बढ़ाए यही बच्चे कल आपके भरोसे पर खरा उतर कर दिखाएंगे । शिक्षक पैनी नजर बनाए रक्खे शिक्षा के साथ संस्कार भी अति आवश्यक है । स्थानीय कालेज के प्रधानाचार्य प्रशांत मिश्रा ने भी कई बिंदुओं को रख कर बच्चो का उत्साह बढ़ाया । मुख्य अतिथि ने कॉलेज में एक ,दो व तीन स्थान पर आई छात्राएं , रुत्वि चौधरी, योग्य गौड़, नबा फारूकी ,जान्हवी ,आराध्या , अरीबा फात्मा, भूमि, अंकिता, आदि दो दर्जन बच्चों को पुरस्कार व मैडल पहनाकर सम्मानित किया । इस मौके पर उम्मुल निगार ,ओमना श्रीवास्तव, मधु सूदन, आशीष बाजपेई, रीता ,प्रतीक्षा ,हिना , उम्मेहानी मौजूद थी संचालन अशीमा ने किया ।




# सोशल मीडिया पर अश्लील रील बनाने वाले तीन युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सोशल मीडिया पर अश्लील रील बनाकर पोस्ट करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने गाली-गलौज भरी वीडियो बनाकर उसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर अपलोड किया था। जिससे समाज में गलत संदेश फैल रहा था। पुलिस ने ग्राम कुसुम्भी थाना अजगैन जनपद उन्नाव के रहने वाले तीन युवकों में राहुल 21 वर्ष पुत्र राम सजीवन , हिमांशू 22 वर्ष पुत्र शिव कुमार और श्याम जी 20 वर्ष पुत्र देवी चरण को गिरफ्तार किया। इन तीनों ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ID - Shyam bhai 3535 और Rahul Jaykar3535 से एक वीडियो पोस्ट किया था। जिसमें भद्दी गालियों का प्रयोग किया गया था। वीडियो वायरल होने के बाद थाना अजगैन में इनके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया। जांच के दौरान इन तीनों को BNSS की धारा 170/126/135 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। मामले में एक अन्य आरोपी अमन पुत्र किशन निवासी उन्नाव का भी नाम सामने आया है। जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। गिरफ्तारी की इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक मो. कल्लन और हेड कांस्टेबल संजेश कुमार की अहम भूमिका रही। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर अश्लील, आपत्तिजनक और समाज को भड़काने वाली सामग्री पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जर्जर हालात में सड़क जान जोखिम में डालकर निकलते राहगीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर तहसील के श्याम नगर की मुख्य सड़क पिछले 9 वर्षों से जर्जर हालत में है। हालात इतने बदतर हैं कि सड़क पर चलना जोखिम उठाने जैसा हो गया है। बरसात में गड्ढे छोटे-छोटे तालाब बन जाते हैं, जिनमें फिसलकर बच्चे और बुजुर्ग चोटिल हो जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतें करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय महिला गुड्डी देवी बताती हैं, ₹हमारे बच्चे स्कूल जाते हैं तो उनके जूते गीले हो जाते हैं, कई बार फिसल चुके हैं। कोई अधिकारी देखने तक नहीं आया। नेता सिर्फ वोट मांगने आते हैं, फिर सब भूल जाते हैं। ₹यह सड़क दर्जनों घरों और गलियों को जोड़ती है, लेकिन हालत देखकर लगता नहीं कि यह नगरपालिका क्षेत्र का हिस्सा है। स्थिति इतनी खराब है कि घर तक एम्बुलेंस या कोई अन्य वाहन



पहुंचना मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासी राजेश कुमार कहते हैं, ₹बजट की बातें तो होती हैं, लेकिन जमीन पर कुछ नहीं दिखता। यह सिर्फ सड़क नहीं, सैकड़ों जिंदगियों का सवाल है। ₹कोई ठोस जवाब नहीं मिला। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, ₹इस रोड के कई प्रस्ताव भेजे गए, लेकिन स्वीकृति नहीं मिल पाई। ₹ स्थानीय लोगों को अब भी उम्मीद है कि शायद बार-बार उठाई गई आवाज अफसरशाही की दीवारों को चीर सके। श्याम नगर की यह जर्जर सड़क करीब 2,000 से अधिक लोगों की रोजमर्रा की ज़िंदगी से जुड़ी है। यही सड़क मुख्य मार्ग से कॉलोनी को जोड़ती है। स्कूली बच्चों से लेकर नौकरीपेशा लोग, बुजुर्ग, महिलाएं रोज इसी राह से गुजरते हैं। गड्ढों और कीचड़ की वजह से एम्बुलेंस, दूध, गैस और अन्य सेवाएं समय से नहीं पहुंच पातीं। लोग इसे ₹जीने का संघर्ष₹ कहते हैं।

# अवैध तमंचा व दो जिंदा कारतूस समेत युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। पुलिस ने शनिवार की रात बेहटा भवानी रोड़ पर अग्निशमन केंद्र के निकट एक युवक को देशी तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है । एसओ राजपाल ने बताया कि शनिवार की रात 10.32 बजे बेहटा भवानी रोड फायर सर्विस के पास से संदिग्ध रूप से घूम रहे एक युवक को रोका गया । जामातलाशी में युवक के पास देशी तमंचा 12 बोर व 2 कारतूस बरामद हुए । पूंछतांछ में उसने अपना नाम सतेन्द्र तिवारी पुत्र ज्ञानेन्द्र तिवारी निवासी ग्राम मगरायर थाना बीघापुर बताया । गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के विरुद्ध आयुध अधिनियम का केस पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई है ।




# वृहद स्तर पर विद्युत मेगा कैंप का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के कस्बा बिहार में शनिवार को वृहद स्तर पर बिजली विभाग मेगा कैंप लगाकर उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण किया । जिसमें 35000 रुपया बिल जमा कराया गया तथा 74 बिल संशोधन किए गए। कस्बे के भदोरिया मार्केट में आयोजित मेगा कैंप सुबह करीब 10:00 बजे से भगवंत नगर के उपखंड अधिकारी शशि कांत वर्मा व अवर अभियंता आशीष चौधरी की देखरेख में शुरू हुआ । शुरूआत में उपभोक्ताओं की काफी भीड़ दिखी । बिजली विभाग के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं की विद्युत से संबंधित समस्याएं सुनी । तथा उनका निस्तारण किया । बहुत से उपभोक्ता अधिशासी अभियंता को अपनी समस्या बताना चाह रहे थे किंतु किन्हीं कारणों वश वह नहीं आ पाएं। जिससे वह उपभोक्ता मायूस होकर लौट गए। मेगा कैंप में 74 बिल संशोधन किए गए। 9 नए मीटर लगाने का आदेश किया गया। ?35000 बिल जमा कराया गया। भार वृद्धि , नये संयोजन ,खराब मीटर तथा अन्य उपभोक्ताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया । कई बिलों का संशोधन बाद में करने का आश्वासन दिया गया । उनके प्रपत्र लिऐ गये । कैंप में अवर अभियंता आशीष चौधरी,विद्युत विभाग के कार्यकारी सहायक रोहित कुमार, पी जी सेकेंड अमन विश्वकर्मा, धुननी सिंह , संविदा कर्मी दीपक पटेल, राजू सिंह आदि मौजूद थे। वही उपभोक्ताओं की सहायता में चंद्रेश सिंह, शक्ती सिंह , धन्नर तिवारी आदि लगे रहे ।

# भाजपा नेता के निधन पर भाजपाइयों ने सभा कर दी श्रंद्धाजलि

अमन लेखनी समाचार



असोहा, उन्नाव। क्षेत्र के जोरावरगंज गंज निवासी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता अनिल मिश्रा ₹मुन्ना₹ का आकस्मिक निधनोपरान्त ग्राम पंचायत केसरीखेडा झकवासा में शोक सभा का आयोजन किया गया आयोजन में वरिष्ठ भाजपा नेता संजय शुक्ला ने उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर चर्चा कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। वही पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष गंगाप्रसाद वर्मा, ने भी मुन्ना मिश्रा को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की मुख्यरूप से रहे पूर्व मंडल अध्यक्ष रविशंकर शुक्ल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामभरोसे रावत व गुरू प्रसाद रावत,लालत साहू, सोनू मिश्रा, कल्लू तिवारी,दीपू बाजपेई, राजकिशोर त्रिवेदी, मोहित शुक्ला, अंकित शुक्ला,संगम मिश्रा, रोहित अवस्थी,संदीप रावत, छोटू गुप्ता,मनोज बारी,नागेश सविता, सुशील रावत,शुभम पासवान, अजीत गौतम आदि सैकड़ों लोगो ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## खेत के पास बने गड्ढे में भरे पानी में गिरने से किसान की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण के दौरान हुई लापरवाही से एक किसान की जान चली गई। मत्तूखेड़ा गांव के 50 वर्षीय श्रीकृष्ण पुत्र श्यामलाल शनिवार शाम को खेत में धान की बेढ़ लगवाने गए थे। काम के बाद वह खेत के पास बने गड्ढे में हाथ-पैर धो रहे थे। इसी दौरान वह फिसलकर गहरे पानी में चले गए और डूब गए। जब श्रीकृष्ण वापस नहीं लौटे तो खेत पर काम कर रहे मजदूरों ने खोजबीन की। कोई सुराग न मिलने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। आसीवन थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से कई घंटों बाद श्रीकृष्ण का शव पानी से निकाला गया। श्रीकृष्ण के परिवार में पत्नी शकुंतला देवी, तीन बेटे अजय, विजय और गोपाल तथा दो बेटियां रूबी और शिवानी हैं। इस दुर्घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। ग्रामीणों का कहना है कि एक्सप्रेस-वे निर्माण में ठेकेदार जेसीबी से अत्यधिक खुदाई कर रहे हैं। इससे खेतों के पास बड़े गड्ढे बन गए हैं। बारिश का पानी भरने से ये गड्ढे खतरनाक हो गए हैं। पहले भी इन गड्ढों में डूबने से कई जानें जा चुकी हैं। लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई ठोसकदम नहीं उठाया है। थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों द्वारा तहरीर मिलने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पति-पत्नी के 27 विवादित जोड़ो की सकुशल एक साथ कराई गई विदाई

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दीपक भूकर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन व प्रदीप मौर्य क्षेत्राधिकारी लाइन की अध्यक्षता में परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस लाइन व सभी थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त परिवार परामर्श केन्द्र से 07, महिला थाना से 05, थाना औरास व थाना बेहटा मुजावर से 03, थाना बांगरमऊ, थाना हसनगंज व थाना सफीपुर से 02-02, थाना आसीवन, थाना बिहार, थाना फतेहपुर चौरासी से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में शिल्पी श्रीवास्तव पत्नी डा0 आशीष श्रीवास्तव (परिवार परामर्श केन्द्र समिति प्रभारी) एवं सलाहकार डॉक्टर अवसार अली, डॉक्टर सगीर अहमद, डॉ0 एस.के.पाण्डेय, डॉ0 मनीष सिंह सेंगर, डॉ0 संजय चौरसिया, अबरास हुसैन राजेन्द्र सिंह सेंगर, शशि रंजना अग्निहोत्री रामस्नेही यादव, सविहा उमर, एवं सहयोगी शिवेन्द्र चौहान, तथा पुलिस टीम में महिला उप निरीक्षक मिथिलेश कुमारी, उप निरीक्षक मधु श्रीवास्तव साधना, चिंतन, संयोजिता, मीनू, पूनम राजपूत, लक्ष्मी चौधरी, दीप्ती चौधरी, प्राची, सेविका, राधिका पूजा प्रीति तोमर, सोनम, का विशेष योगदान रहा।

# प्रेम प्रसंग में युवती की चाकू मारकर हत्या, सड़क पर शव रखकर परिजनो ने जाम लगाने का किया प्रयास

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के आदर्शनगर मोहल्ला में एक युवक ने अपनी महिला मित्र की चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना शनिवार सुबह की है। आरोपी दिलीप और मृतका के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद आरोपी ने युवती के पेट और कंधे पर चाकू से कई वार किए। घायल युवती को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां से उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए हैलट अस्पताल, कानपुर रेफर किया गया। इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई। आरोपी दिलीप अचलगंज थाना क्षेत्र के बंदूखेड़ा गांव का रहने वाला है। वह अक्सर रिश्तेदारों से मिलने आदर्शनगर मोहल्ला आता था। इसी दौरान उसकी मोहल्ले की 22 वर्षीय युवती से नजदीकियां बढ़ीं और दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद जब शव घर पहुंचा तो परिजनों ने आदर्शनगर चौराहे पर प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। इस बीच, पीड़िता की मां की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी दिलीप के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। उसकी तलाश में टीमें गठित की गई हैं। सीओ सिटी सोनम सिंह ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी दिलीप का अपने रिश्तेदारों के माध्यम से आदर्शनगर मोहल्ला में आना-जाना था। इसी दौरान उसकी जान-पहचान 22 वर्षीय युवती से हुई और दोनों में प्रेम संबंध बन गए थे। शनिवार को किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। जिसके चलते दिलीप ने यह वारदात कर डाली।

# फांसी लगाकर युवक ने अपनी जीवन लीला की समाप्त

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के गांव कमलापुर में रविवार को दोपहर एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक के भाई की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के गाँव कमलापुर निवासी कुलदीप तिवारी पुत्र उमाशंकर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका अविवाहित भाई राहुल तिवारी ( 30 ) ने रविवार को दोपहर घर के अंदर रखे छप्पर के बांस में प्लास्टिक की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है परिजन आत्महत्या का कारण नही बता पा रहे हैं। राहुल की मौत से परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक अविवाहित था और खेती किसानी करता था।

## सम्पादकीय

# मानसून आते ही त्राहिमाम क्यों करने लगते हैं हम

गर्मी की शुरुआत होते ही हम लोग मानसून की राह तकने लगते हैं। हर कोई तपते आसमान पर टकटकी लगाए बादलों को खोजने लगता है। बदरा थोड़े से लेट क्या हुए, चौतरफा हवन-यज्ञ शुरू हो जाते हैं ताकि इंद्रदेव को मनाया जा सके और धरती पर राहत की बूंदें गिरें, लेकिन जैसे ही प्रकृति अपना आशीष दिखाती है तो हम त्राहिमाम करने लगते हैं। ताल-तलैया, नदी-नाले उफनने लगते हैं, हम इसे जय प्रलय, हाहाकार जैसे शब्दों से निरूपित करते हैं। हर तरफ से जलभराव से हादसों की खबरें आने लगती हैं। असल में हम मानसून की राह तो देखते हैं, लेकिन उनके आने की तैयारी नहीं करते हैं। अपने आसपास के कुएं, बावड़ी, तालाब, जोहड़ और नदी से गंदगी को साफ करना था, उनमें जम गई गाद को निकालने के स्थान पर प्रशासन महज कुछ खानापूर्ति करता है। आम आदमी न तो इन सब में कोई रुचि लेता है और न ही इस ओर ध्यान देता है। इसलिए जो पानी पूरे साल के लिए धरती को जीवन देता है, वह समस्या लगने लगता है। यह बात समझनी होगी कि नदी, नहर, तालाब और झील आदि पानी के स्रोत नहीं हैं। हकीकत में पानी का स्रोत मानसून है या फिर ग्लेशियर। तालाब और नदी आदि तो उसे सहेजने के स्थान मात्र हैं। हम मानसून की नियामत को सहेजने के इन स्थानों को गर्मी में तैयार नहीं करते, इसलिए भी जलभराव होता है। आज गंगा-यमुना के उद्गम स्थल से लेकर छोटी नदियों के किनारे बसे गांव-कस्बे तक बस यही हल्ला है कि बरसात ने खेत-गांव सब कुछ उजाड़ दिया, लेकिन मानसून के विदा होने के बाद इन सभी इलाकों में पानी की एक-एक बूंद के लिए मारा-मारी देखने को मिलेगी। मानसून के जल का विस्तार हमारी जमीन पर नहीं हुआ है, बल्कि हमने ही जल विस्तार की नैसर्गिक जमीन पर अपना कब्जा जमा लिया है। यही कारण है कि मानसून आते ही तबाही शुरू हो जाती है। अगर आज की ही खबरों को देखें तो प्रयागराज में गंगा-यमुना उफान पर हैं। नदियों के आसपास की 5 लाख आबादी पानी से घिर गई है। श्मशान घाट में पानी भर गया है। सड़कों पर अंतिम संस्कार किया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर में लगातार बारिश की वजह से अमरनाथ यात्रा रूट पर लैंडस्लाइड हुई। गंदेरबल जिले में बालटाल मार्ग पर हुए भूस्खलन में एक महिला तीर्थयात्री की मौत हो गई, तीन घायल हो गए। इससे यात्रा दिनभर के लिए रोक दी गई। हिमाचल में अब तक 109 लोगों की बरसात के कारण मौत हो चुकी है। साथ ही भारी बारिश और बादल फटने जैसी घटनाओं से 818 करोड़ रुपये की सरकारी और निजी संपत्ति का नुकसान हो चुका है। राजस्थान में झालावाड़ का ढाबा गांव चारों ओर से पानी से घिर गया है। लोग घर की छतों पर फंसे हैं। नागौर, बहरोड़ में स्कूल-मंदिर-ऑफिस में पानी घुस गया है। मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले में लगातार बारिश से ग्रामीण इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हैं। लोग सामान लेकर सुरक्षित स्थान की ओर जा रहे हैं। बिहार के अलग-अलग जिलों में बुधवार को बिजली गिरने से 20 लोगों की मौत हो गई। ये सब इसलिए हो रहा है कि हम लोग मानसून के लिए तैयार नहीं है। अगर बरसात से पहले जलसंचय की तैयारी कर लें तो यही बरसात का पानी सालभर के लिए खेतों में अमृत की तरह काम करेगा। इसके लिए जरूरी है कि समाज सरकार के साथ मिलकर प्रयास करें। बरसात के पानी को संभाल कर रखने से भूजल का रिचार्ज भी होगा, जो खेतों एवं कारखानों में पानी की आपूर्ति को सुनिश्चित करेगा। जरूरी है कि जहां स्थान मिले, बरसात के पानी को रोकें और उसे धरती में समाहित होने दें।



सियासत

राजकुमार सिंह

# नीतीश के लिए राह कितनी आसान!

तीन दशक पहले लालू प्रसाद यादव पर भ्रष्टाचार, जंगल राज और वंशवादी राजनीति के आरोप लगाते हुए नीतीश कुमार ने जनता दल तोड़ समाजवादी नेता जॉर्ज फर्नांडिस के नेतृत्व में समता पार्टी बनाते हुए सत्ता के लिए भाजपा से दोस्ती की राजनीतिक राह चुनी। 2005 में लालू-राबड़ी राज को विदा कर नीतीश बिहार के मुख्यमंत्री भी बन गये, पर पिछले दिनों खुद वंशवादी राजनीति की राह पर आगे बढ़ते दिखे। खुद किये गये 'जीतनराम मांझी प्रयोग' को अपवाद मानें तो तब से बिहार की सत्ता पर नीतीश कुमार ही काबिज हैं। महाराष्ट्र के नतीजे ने चुनावी विश्लेषण मुश्किल बना दिया है। फिर भी लगता है कि बिहार में जिसकी भी बहार हो, इस बार नीतीशे कुमार होना मुश्किल है।

बिहार की विडंबना भी देखिए कि दोनों बड़े दल तीसरे नंबर के दल की सत्ता की पालकी उठाने को मजबूर रहे हैं। तीन दशक पहले लालू प्रसाद यादव पर भ्रष्टाचार, जंगल राज और वंशवादी राजनीति के आरोप लगाते हुए नीतीश कुमार ने जनता दल तोड़ समाजवादी नेता जॉर्ज फर्नांडिस के नेतृत्व में समता पार्टी बनाते हुए सत्ता के लिए भाजपा से दोस्ती की राजनीतिक राह चुनी। 2005 में लालू-राबड़ी राज को विदा कर नीतीश बिहार के मुख्यमंत्री भी बन गये, पर पिछले दिनों खुद वंशवादी राजनीति की राह पर आगे बढ़ते दिखे। खुद किये गये 'जीतनराम मांझी प्रयोग' को अपवाद मानें तो तब से बिहार की सत्ता पर नीतीश कुमार ही काबिज हैं। हां, सुविधानुसार दोस्त बदलते रहे हैं। शर्त सिर्फ इतनी रही कि मुख्यमंत्री पद बरकरार रहे। नारा भी रहा: बिहार में बहार है, फिर नीतीशे कुमार है। जिस विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नीतीश सूत्रधार बताये जा रहे थे, लोकसभा चुनाव से ऐन पहले उसे झटका देकर भाजपाई नेतृत्व वाले राजग में लौट गये। विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश के फिर पलटी मारने की चर्चाएं तो बहुत रहीं, पर अभी तक अटकलों से आगे नहीं बढ़ पायीं। हां, इस बीच बेटे निशांत की मुख्यमंत्री आवास में होली से शुरू वंशवाद की चर्चाएं अभी थमी नहीं हैं। चर्चाओं का सच तो साल के अंत में होने वाले चुनावों में ही पता चलेगा, लेकिन इस बार बिहार की बहार में नीतीशे कुमार होने की गारंटी नहीं दिखती।

नीतीश के नेतृत्व में राजग के विधानसभा चुनाव लड़ने की बात भाजपा कई बार कह चुकी है, लेकिन महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के चुनाव- पश्चात हुए हश्र से उठे सवालों के जवाब बिहार में आसान नहीं। राजनीतिक जरूरतों के मद्देनजर भाजपा ने महाराष्ट्र में अपने से कम विधायकों वाली शिवसेना के शिंदे को मुख्यमंत्री बनाया। उन्हीं के नेतृत्व में राजग, जिसे वहां महायुति कहा जाता है, ने विधानसभा चुनाव भी लड़ा, लेकिन सबसे ज्यादा सीटें मिलने के आधार पर भाजपा ने अपने देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री बना दिया, जो पहले शिंदे के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री थे। अब शिंदे उप मुख्यमंत्री हैं। 2020 के विधानसभा चुनाव में नीतीश का जदयू मात्र 43 सीटों पर सिमट गया था। फिर भी भाजपा ने उन्हें मुख्यमंत्री बना दिया, पर नीतीश को लगा कि चिराग पासवान के उम्मीदवारों के जरिये जदयू को 43 सीटों तक समेटने की रणनीति भाजपा की ही थी। चिराग की लोक जनशक्ति पार्टी 137 सीटों पर उम्मीदवार खड़े कर जीत तो मात्र एक सीट ही पायी, लेकिन ढाई दर्जन सीटों पर जदयू को हरवा दिया, जिससे वह तीसरे नंबर का दल बन गया, वरना जदयू सम्मानजनक संख्या के साथ दूसरा बड़ा दल होता। आखिर 2015 के चुनाव में भी जदयू ने 71 सीटें जीती थीं। शायद भाजपा के 'चिराग-दांव' से खफा होकर ही नीतीश बाद में लालू और कांग्रेस के महागठबंधन में चले गये। मुख्यमंत्री नीतीश ही रहे। तेजस्वी को फिर उप मुख्यमंत्री पद से संतोष करना पड़ा। विपक्षी गठबंधन बनाते-बनाते नीतीश लोकसभा चुनाव से ठीक पहले फिर राजग में लौट गये। भाजपा को भी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उनकी वापसी फायदे का सौदा लगी। फायदा हुआ भी,



लेकिन अब साल के आखिर में विधानसभा चुनाव के लिए हर दल नये सिरे से समीकरण बिठाने जुटा है। 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा में बहुमत के लिए 122 सीटें चाहिए। पिछली बार भाजपा और जदयू मिलकर 125 सीटें जीत पाये थे और लालू के महागठबंधन ने 110 सीटें जीत कर उन्हें कड़ी टक्कर दी थी। भाजपा की कोशिश है कि इस बार 100 सीटों के आसपास पहुंच कर बिहार में अपना मुख्यमंत्री बनाने का पुराना सपना पूरा कर ले। शेष बहुमत का जुगाड़ छोटे सहयोगी दलों के समर्थन तथा तोड़फोड़ से हो ही जाएगा, पर ऐसा तभी संभव है, जब लालू का राजद या नीतीश का जदयू बहुत खराब चुनावी प्रदर्शन करे। पिछले विधानसभा चुनाव में राजद सबसे ज्यादा 23.1 प्रतिशत वोटों के साथ 75 सीटें जीत कर सबसे बड़ा दल बना था, जबकि 74 सीटें जीतने वाली भाजपा को मात्र 19.5 प्रतिशत वोट मिले थे। 43 सीटों पर सिमट जाने के बावजूद जदयू 15.39 प्रतिशत वोट पाने में सफल रहा था। चुनाव पश्चात ज्यादा सीटों के आधार पर इस बार अगर भाजपा अपना मुख्यमंत्री बनाना चाहेगी तो उप मुख्यमंत्री बनने के लिए नीतीश शायद ही तैयार हों। तब क्या बेटे निशांत की राजनीतिक होली चुनाव पश्चात की संभावनाओं के द्वार खोलने का संकेत थी? भाजपा, जदयू के बिना सरकार बना पाने की स्थिति में नहीं हुई तो उप मुख्यमंत्री बनाकर निशांत की सत्ता राजनीति की सम्मानजनक शुरुआत करवा सकती है। लालू-तेजस्वी का राजद सबसे बड़ा दल बना तो वह भी समाजवादी परिवार के नाम पर एक बार फिर नीतीश की पालकी उठाने के बजाय निशांत को उप मुख्यमंत्री बनाना पसंद करेगा, लेकिन विधानसभा में 'नंबर वन' बनने की लड़ाई आसान नहीं है। अचानक जाति जनगणना की घोषणा से लेकर मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान तक हर कदम को चुनावी दांव से जोड़ कर देखा जा रहा है। अतीत का अनुभव बताता है कि ऐसे दांव का असर भी होता है, लेकिन जाति-संप्रदाय के आधार पर मतदाताओं की गोलबंदी के मद्देनजर बिहार में सिर्फ इतने से बात शायद न बन पाये। इसलिए राजग और 'इंडिया', जिसे बिहार में महागठबंधन कहा जाता है, के आंतरिक समीकरणों पर भी बहुत कुछ निर्भर करेगा।

खुद को 'सुशासन बाबू' कहलाना पसंद करने वाले नीतीश कुमार को पिछले विधानसभा चुनाव में शीर्षासन कराने वाले चिराग इस बार कभी सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कह रहे हैं तो कभी राजग की रणनीति के मुताबिक चलने की। समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि भाजपा के मित्र छोटे दलों की बढ़ती सीटों की मांग जदयू की सीटें घटने का कारण बनी तो नीतीश के फिर मुख्यमंत्री बनने की संभावनाओं को चुनाव से पहले ही ग्रहण लग सकता है। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी भी कुछ वोट काट कर जदयू की मुश्किलें ज्यादा बढ़ायेगी। जन सुराज पार्टी को भाजपा समर्थक माने जाने वाले लोगों से हरसंभव मदद भी कुछ इशारा कर ही रही है। बेशक महागठबंधन में भी सब कुछ सहज नहीं है। दूसरे बेटे तेज प्रताप को लालू पार्टी और परिवार से बाहर का रास्ता दिखा चुके हैं। तेजप्रताप का राजनीतिक इस्तेमाल करने से विपक्ष चूकेगा तो हरगिज नहीं। पिछली बार लचर प्रदर्शन के बावजूद कांग्रेस इस बार ज्यादा सीटों के लिए दबाव बना रही है। जिन असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी के विधायक राजद ने तोड़ लिये थे, उन्होंने भी इस बार चुनावी गठबंधन की पेशकश कर लालू-तेजस्वी को मुश्किल में डाल दिया है। महाराष्ट्र के नतीजे ने चुनावी विश्लेषण मुश्किल बना दिया है। फिर भी लगता है कि बिहार में जिसकी भी बहार हो, इस बार नीतीशे कुमार होना मुश्किल है।

फातिहा

शशिधर खान



# कश्मीर में 'कश्मीरियत' को समझने की जरूरत

जम्मू व कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला अपने मंत्रिमंडल के साथ पुलिस घेराबंदी तोड़कर दीवाल फांदकर उस कब्रगाह तक पहुंचे, जहां जाने से रोकने के लिए उन लोगों को अपने-अपने घरों में 'लॉक' कर दिया गया था। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के आदेश से मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों के साथ-साथ कश्मीर के सभी क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के नेताओं को एक दिन पहले ही अपने घरों में बंद करके पुलिस ने उनके गेट पर बाहर से ताला लगा दिया था, ताकि वे 13 जुलाई को उस कब्रगाह तक नहीं पहुंच सकें। 13 जुलाई तारीख कश्मीर के लिए ऐतिहासिक दिन है और कश्मीरियत की पहचान तथा कश्मीरियों की सामाजिक भावनाओं से जुड़ी है। शहीदों की मजार पर उस दिन 'फातिहा' पढ़ने का रिवाज है। वर्ष 1931 में जम्मू व कश्मीर के महाराजा हरि सिंह के खिलाफ विद्रोह भड़कने के दौरान 13 जुलाई को 22 नागरिक मारे गए थे। श्रीनगर जेल के बाहर उसी जगह उन्हें दफनाया गया, जहां वे शहीद हुए थे। श्रीनगर के ख्वाजा बाजार में स्थित वो नक्सबांद साहिब दरगाह शहादत स्थल के रूप में जाना जाता है, जहां 13 जुलाई को 22 शहीदों को श्रद्धांजलि देने की परंपरा चली आ रही है। 13 जुलाई और सद्रे-रियासत कहलाने वाले नेशनल कान्फ्रेंस संस्थापक शेख मुहम्मद अब्दुल्ला का जन्म दिन 05 दिसंबर सार्वजनिक अवकाश हुआ करता था। धारा-370 खत्म करके जम्मू व कश्मीर का विशेष संवैधानिक दर्जा के साथ-साथ राज्य का दर्जा हटाकर संघशासित क्षेत्र (यूटी) बनाए जाने के 6 महीने के बाद उपराज्यपाल ने ये दोनों अवकाश भी खत्म कर दिए। अक्टूबर, 2024 में 10 साल के अंतराल के बाद हुए जम्मू व कश्मीर विधान सभा चुनाव में सबसे प्रभावशाली पार्टी नेशनल कान्फ्रेंस पूर्ण बहुमत से सत्ता में आयी लेकिन पुलिस, कानून व व्यवस्था और यूटी के सारे महत्वपूर्ण विभागों पर पूर्ण नियंत्रण उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का ही रहा। जम्मू व कश्मीर सरकार के पास अभी तक अधिकार के नाम पर कुछ नहीं है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला शेख अब्दुल्ला के पोते हैं। नेशनल कान्फ्रेंस के सत्ता में आने के बाद से पहली 13 जुलाई को अपनी परंपरा कायम रखने के लिए उमर अब्दुल्ला, उनके पिता नेशनल कान्फ्रेंस अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला समेत सभी क्षेत्रीय दलों के विधायकों, नेताओं ने शहीद दरगाह पर जाकर श्रद्धांजलि देने की योजना बनायी लेकिन उपराज्यपाल ने यह योजना कार्यान्वित न होने देने के लिए कानून व व्यवस्था का मामला बनाकर निर्वाचित सरकार के खिलाफ पुलिस का इस्तेमाल किया। 10 जुलाई को ही नेशनल कान्फ्रेंस प्रवक्ता इमरान नबी दर ने मीडिया को बताया कि 'हमने उपराज्यपाल को पत्र लिखकर आग्रह किया कि 13 जुलाई और 05 दिसंबर की तारीखों को सार्वजनिक अवकाश फिर से घोषित कर दें।' पार्टी महासचिव अली मुहम्मद सागर ने उपराज्यपाल से शहीद कब्रगाह मजार-ए-शुहादा पर 13 जुलाई को 'फातिहा' पढ़ने की इजाजत मांगी। ठीक 12 जुलाई को श्रीनगर प्रशासन ने मुख्यमंत्री और तमाम क्षेत्रीय दलों की अर्जियों को ठुकराकर ख्वाजा बाजार शहीद दरगाह की ओर जाने की इजाजत नहीं दी। मुख्यमंत्री समेत सभी क्षेत्रीय दलों के नेताओं को और आम जनता की उसमें भागीदारी रोकने के विभिन्न हथकंडे अपनाए गए। हुर्रियत कान्फ्रेंस अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक को जेल में डाल दिया गया। नेशनल कान्फ्रेंस सुप्रीमो फारूक अब्दुल्ला, उनके पुत्र मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती, पीपुल्स कान्फ्रेंस प्रमुख विधायक सज्जाद लोन, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार नसीर असलम वानी, सीपीएम नेता विधायक एमवाई तारीगामी सब के सब नजरबंद कर दिए गए। उप मुख्यमंत्री और हिन्दू बहुल जम्मू क्षेत्र से जीते एकमात्र नेशनल कान्फ्रेंस विधायक सुरिंदर चौधरी उस समय जम्मू में थे। मगर उनका श्रीनगर आवास लॉक कर दिया गया। मनोज सिन्हा महाराजा हरिसिंह के जन्मदिन को सार्वजनिक अवकाश और उनके खिलाफ विद्रोह करने वालों को 'उपद्रवी' घोषित कर चुके हैं। पहलगाम हमले की सारे कश्मीरियों ने निंदा की, 'ऑपरेशन सिंदर' का समर्थन किया

## सर्प पर्यावरण को संतुलित रखते हैं



संकलित

दर्शन

सामान्यतया सर्प अपनी भयंकरता के लिए जाने जाते हैं। पर दो बड़े देवता उन्हें अंगीकार किए हुए हैं। एक तो संसार के पालक विष्णु जी, जो उन्हें अपनी शय्या बनाए हुए हैं और दूसरे देवों के देव भगवान शंकर, जो उन्हें हारतुल्य कंठ में डाले हुए हैं। फिर वे पूज्य क्यों न माने जाएं? सर्प पर्यावरण को संतुलित रखते हैं। कृषि के शत्रु और मानवता के क्षतिकारक चूहों व कीट आदि का भक्षण करते रहते हैं और विष को आत्मसात करते हैं। दंश वे तभी देते हैं, जब दब-कुचल जाएं या उन्हें ऐसा कोई भ्रम हो जाए। वे अनेक औषधियों के निर्माण में भी सहायक होते हैं। सर्पों की अनेक प्रजातियां विषहीन भी होती हैं। शास्त्रों के अनुसार, वे शेषनाग के रूप में पृथ्वी को धारण करते हैं और वासुकि के रूप में कष्ट उठाकर समुद्र मंथन में रज्जु का काम करते हैं। रावण जैसे राक्षसों के संहार में शेषावतार लक्ष्मण रूप से श्रीराम की सहायता करते हैं। वराह पुराण के अध्याय 24 में एक कथा आई है। सर्पगण कश्यप ऋषि व उनकी पत्नी कद्रू की संतान हैं। उनसे अनंत, वासुकि, कंबल, कर्कोटक, पद्म, महापद्म, शंख, कुलिक, पापराजिल आदि सर्प हुए। ये गरुड़ के सौतेले भाई हैं, जो ऋषि की अन्य पत्नी विनता से जन्मे। जब ये मानवता को कष्ट देने लगे, तो ब्रह्मा जी ने वासुकि आदि को बुलवा कर डांटा और अभिशप्त किया। सर्पों द्वारा अनुनय-विनय करने पर उन्हें रहने के स्थान सीमित किए और काटने की भी सीमा रेखाएं खींची। यह सारा वृत्तांत पंचमी तिथि को हुआ। मान्यता है कि इस दिन उनकी पूजा-अर्चना से मानव को सर्प भय से मुक्ति मिल जाती है।

## जगत में सबसे सुंदर कौन



संकलित

प्रेरणा

एक कौआ सोचने लगा कि पंछियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूं। न तो मेरी आवाज ही अच्छी है, न ही मेरे पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा हूं। ऐसा सोचने से उसके अंदर हीन भावना भरने लगी और वह दुःखी रहने लगा। एक दिन एक बगुले ने उसे उदास देखा तो उसकी उदासी का कारण पूछा। कौवे ने कहा- तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिल्कुल स्याह वर्ण का हूं। मेरा तो जीना ही बेकार है। बगुला बोला: दोस्त मैं कहां सुंदर हूं। मैं जब तोते को देखता हूं, तो यही सोचता हूं कि मेरे पास हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है। अब कौए में सुन्दरता को जानने की उत्सुकता बढ़ी। वह तोते के पास गया। बोला: तुम इतने सुन्दर हो, तुम तो बहुत खुश होते होगे? तोता बोला- खुश तो था लेकिन जब मैंने मोर को देखा, तब से बहुत दुःखी हूं, क्योंकि वह बहुत सुन्दर होता है। कौआ मोर को ढूंढने लगा, लेकिन जंगल में कहीं मोर नहीं मिला। जंगल के पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गए हैं। कौआ चिड़ियाघर गया, वहां एक पिंजरे में बंद मोर से जब उसकी सुंदरता की बात की, तो मोर रोने लगा। मोर बोला: शुक्र मनाओ कि तुम सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते। दूसरों से तुलना करके दुःखी होना बुद्धिमानी नहीं, असली सुन्दरता हमारे अच्छे कार्यों से आती है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**सावन महीने से भगवान शिव का है शाश्वत संबंध**

सावन हिंदू पंचांग का पांचवां महीना होता है। यह हरियाली, सुंदरता, सकारात्मकता, शुभता और पवित्रता का महीना होता है, जो प्राय: संपूर्ण सृष्टि के लिए नवोन्मेष एवं नवजीवन का उपहार लेकर आता है। सच कहा जाए तो ज्येष्ठ-आषाढ़ की तपती गर्मी, चिलचिलाती धूप, उमस और पसीने से परेशान संपूर्ण प्राणी जगत को सावन महीने की प्रतीक्षा रहती है, क्योंकि इस महीने में होने वाली रिमझिम वर्षा के कारण तापमान में गिरावट आती है और प्रकृति में सुखद परिवर्तन होते हैं। इसके परिणामस्वरूप संपूर्ण सृष्टि में तृप्ति और तुष्टि का प्रसार होता है तथा प्राणियों के जीवन में उमंग, उल्लास और प्रसन्नता का संचार होने लगता है। सारा संसार शिवमय हो जाता है। सावन के महीने में प्राय: देश ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व के शिवभक्त भगवान शिव को जलार्पण कर उनसे सौभाग्य व सुख प्राप्त कर संतुष्ट होते हैं।

*- श्रवण जोशी, रायगढ़*

## ट्रेंड

### दोषपूर्ण स्व-अनुवाद



मेटा प्लेटफॉर्म पर कन्नड़ सामग्री के दोषपूर्ण स्व-अनुवाद में तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश किया जा रहा है और उपयोगकर्ताओं को गुमराह किया जा रहा है। हमने मेटा को पत्र लिखकर तत्काल सुधार का आग्रह किया है।

-सिद्धारमैया, सीएम, कर्नाटक

### भारत के लिए गर्व का क्षण



भारतीय महिला हॉकी टीम की प्रतिभाशाली स्ट्राइकर, हरियाणा की बेटी दीपिका को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल अवॉर्ड से सम्मानित किया जाना भारत के लिए गर्व का क्षण है। यह उपलब्धि न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देश के लिए सम्मान का विषय है।

-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा

### इंदौर सबसे स्वच्छ शहर



इंदौर को 'सुपर स्वच्छ लीग सिटीज' श्रेणी में देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में सम्मानित किया जाना प्रदेशवासियों के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। उल्लेखनीय है कि विगत 7 वर्षों से स्वच्छ शहरों की श्रेणी में इंदौर ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया था।

-डा. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश

### सबसे बुरा काम



यही सबसे बुरा काम है जो हम अपने बच्चों के साथ करते हैं। उन्हें दूसरों से अपनी सफाई माँगना सिखाएँ। यह ज़िंदगी भर की लत बन जाती है... हर वक़्त पीठ थपथपाने की चाहत में...

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

### कंबोडिया में साइबर अपराध पर 1,000 लोग गिरफ्तार

प्रधानमंत्री हुन मानेट द्वारा सरकारी निकायों को देश में साइबर अपराधों पर नकेल कसने के आदेश के परिणामस्वरूप इस सप्ताह अब तक 1,000 से ज्यादा संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। हुन मानेट ने 'सुरक्षा-व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा बनाये रखने' के लिए संबंधित विभागों को कार्रवाई करने का अधिकार देते हुए यह आदेश जारी किया था। हुन मानेट ने मंगलवार को एक बयान में कहा, "सरकार ने पाया है कि ऑनलाइन (साइबर) घोटाले वर्तमान में दुनिया और क्षेत्र में खतरा व असुरक्षा पैदा कर रहे हैं।



## ऑफ बीट

### प्रति दिन मांस खाने से कोलोरेक्टल कैंसर



प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस के सेवन के प्रभाव पर विश्व कैंसर अनुसंधान कोष द्वारा 500 पेज के अध्ययन के सैकड़ों परिणामों में से केवल एक के बारे में खबर दी। अखबार ने पाठकों को बताया कि हर दिन एक बेकन सैंडविच खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' का खतरा 20 प्रतिशत बढ़ सकता है। यदि यह सापेक्ष जोखिम अनुपात एक से ऊपर है, तो संपर्क में आए व्यक्ति में बिना जोखिम के किसी व्यक्ति की तुलना में रोग विकसित होने की संभावना अधिक होती है। यदि यह एक से नीचे हो तो जोखिम कम हो जाता है।

## संक्षेप

### जमीनी विवाद में भटक रहे वृद्ध की मौत

**कलेक्ट्रेट में वकील से बात करते समय गिरे 72 वर्षीय किसान, डॉक्टरों ने मृत घोषित किया**

सुलतानपुर, न्याय की गुहार लगाते-लगाते एक वृद्ध किसान की मौत हो गई। जबलपुर से आए 72 वर्षीय ओमप्रकाश तिवारी अपने मित्र राधे लाल यादव के साथ कलेक्ट्रेट में शिकायत करने पहुंचे थे। वह कलेक्ट्रेट में वकील से बात कर रहे थे, तभी अचानक गिर पड़े। ओमप्रकाश की पैतृक जमीन धनपतगंज के बहादुरपुर में स्थित है। उनके चचेरे भाइयों ने इस जमीन को अपने नाम करवा लिया था। पिछले चार वर्षों से वह इस मामले में न्याय के लिए संघर्ष कर रहे थे। उन्होंने कलेक्ट्रेट से लेकर कमिश्नर कार्यालय तक चक्कर लगाए। एक दिन पहले उन्हें कलेक्ट्रेट से बल्दीराय भेजा गया। वहां एसडीएम मंजुल मयंक ने कोई सहायता नहीं की। इसलिए वह आज फिर कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। घटना के बाद उन्हें तुरंत राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने इस घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी है।

### मंडी समिति में भ्रष्टाचार की जांच शुरू

**डिप्टी डायरेक्टर ने व्यापारियों से मांगे साक्ष्य, संविदा बाबू को किया कार्यमुक्त**

सुलतानपुर, मंडी समिति अमहट में भ्रष्टाचार की शिकायत पर कार्रवाई शुरू हो गई है। व्यापारियों और मंडी सब्जी फल व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने 19 जून को यह शिकायत भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री से की थी। प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी ने इस मामले को निदेशक मंडी परिषद इंद्र विक्रम सिंह के संज्ञान में लाया। निदेशक ने डिप्टी डायरेक्टर को जांच का आदेश दिया। उप जिलाधिकारी ने त्रिपाठी से साक्ष्य और सबूत मांगे हैं। व्यापारी साक्ष्य और सबूत इकट्ठा कर शपथ पत्र के साथ जांच अधिकारी को सौंपेंगे। इस संबंध में आज प्रदेश मंत्री त्रिपाठी की मौजूदगी में भारतीय फल एवं सब्जी व्यापार मंडल के अध्यक्ष मोहम्मद शमी की अध्यक्षता में बैठक हुई। त्रिपाठी ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों को हटाने की मांग भी की।

### दहेज में कार की मांग, पति ने दिया तीन तलाक

**सुल्तानपुर में पत्नी से मारपीट, ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज**

सुलतानपुर, एक महिला ने अपने पति और ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। महिला का निकाह 7 मार्च 2022 को जयसिंहपुर के सोनारा गांव निवासी हसनैन खान से हुआ था। शादी में परिवार ने अपनी हैसियत के अनुसार दहेज दिया था। कुछ दिन बाद पति हसनैन खान, ससुर दिलशाद खान, सास जैनब खातून और देवर नूरैन ने दहेज में चार पहिया वाहन की मांग शुरू कर दी। पति ने कहा कि वह मुंबई में दूसरे की गाड़ी चलाता है और अपनी गाड़ी चाहिए। महिला ने बताया कि उसके सात भाई-बहन हैं और परिवार पहले से ही शादी के कर्ज में डूबा है। जब महिला ने गाड़ी देने से मना किया तो ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

# स्कूल के विलय के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

## वर्तमान में 54 छात्र-छात्राएं है नामांकित: ग्रामीण



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। ब्लॉक नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय पलटनपुरवा को छात्र संख्या कम होने पर उच्च प्राथमिक विद्यालय बाबागंज में सम्बद्ध किया गया है। जिसके विरोध में ग्रामीणों ने रविवार सुबह स्कूल गेट के बाहर शिक्षा विभाग और शासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। मिली जानकारी के मुताबिक प्राथमिक विद्यालय पलटनपुरवा को मर्जर कर बंद किये जाने से आक्रोशित पंडितपुरवा व पलटनपुरवा के ग्रामीण और स्थानीय समाजसेवियों ने रविवार को स्कूल के बाहर प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई।ग्रामीणों का कहना है कि अधिकांश प्राइवेट स्कूलों की फीस ग्रामीणों की दैनिक कमाई से कही अधिक है, आर्थिक रूप से कमजोर अभिभावक इसका वाहन नहीं कर सकते, और बताया कि प्राथमिक विद्यालय पलटनपुरवा में वर्तमान में 54 छात्र पंजीकृत है। विद्यालय विलय होने से गांव के गरीब, दिव्यांग और मजलूम तबके के लोगों के बच्चे शिक्षा से वंचित हो जायेंगे। चूकि गांव के छोटे-छोटे बच्चें दूर जाने से आवारा कुत्तों, मवेशियों और अनियंत्रित तेज वाहनों का डर बना रहता है और अन्य तरह-तरह की कठिनाइयों को देखते हुए समस्त ग्रामीण सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ से जनहित में बंद स्कूल को पुनः चालू कराए जाने की मांग की है।इस मौके पर सुभाष पाठक, कृष्ण गोपाल पाण्डेय, बंसीधर दूबे, उमेश गुप्ता, सुजीत पाठक सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल हुए।

# कांवरियों की सुरक्षा को लेकर भ्रमणशील रहे एसडीएम मिहींपुरवा

**गल्ला मंडी पहुंच एसडीएम ने कांवरियों का जाना हाल-चाल**



अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। कैलाशपुरी से जल भरकर बुढ़वा बाबा मंदिर रामपुर धोबिया हार जलाभिषेक को जा रहे कांवरियों की सुरक्षा को लेकर एसडीएम प्रकाश सिंह भ्रमणशील रहे। एसडीएम शनिवार देर रात से रविवार दोपहर तक कांवरियों की सुरक्षा के लिए भ्रमण करते रहे। दोपहर में गल्ला मंडी पहुंचे कांवरियों ने विश्राम किया उनका हाल-चाल जानने के लिए एसडीएम ने गल्ला मंडी पहुंच उनका हाल-चाल जाना उन्होंने कांवरियों से यात्रा के बारे में पूछा तो कांवरियों ने बताया कि रास्ते में कोई दिक्कत नहीं हुई है यात्रा शांति पूर्वक चल रही है। एसडीएम प्रकाश सिंह ने बताया कि तहसील क्षेत्र से काफी संख्या में कांवरियों का जत्था जलाभिषेक के लिए निकलता उन्हें किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो इसके लिए संबंधित कर्मचारियों को जगह जगह जिम्मेदारी दी गई है मैं स्वयं भ्रमण कर मानीटरिंग कर रहा हूं।

# ओवरटेक कर रहे बाइक सवारों की ट्रक से टक्कर, दो घायल

**थाना मोतीपुर क्षेत्र के सेमरहना के पास की घटना**

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। मिहींपुरवा क्षेत्र में इन दिनों सड़क दुघर्टनाओं में बढ़ोत्तरी हुई है चाहे शराब के नशे में य फिर नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने को लेकर हो। दुर्घटना के बाद भी लोग जागरूक नहीं हो रहे हैं। मोतीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नानपारा लखीमपुर हाईवे पर सेमरहना स्थित पाले ढाबा के पास रविवार की दोपहर दो बजे ट्रैक्टर ट्राली को ओवरटेक कर रही बाइक की सामने से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई जिससे बाइक सवार दो किशोर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर मोतीपुर पुलिस पहुंची। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर लाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल दोनों किशोरों को मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया। ट्रैक्टर ट्राली नानपारा की ओर जा रही थी कि पीछे से आ रहे मोटरसाइकिल सवारों ने ट्रैक्टर ट्राली को तेज रफ्तार से ओवरटेक करने लगे। सामने से एक ट्रक लखीमपुर की ओर जा रही थी। सामने ट्रक को देख मोटरसाइकिल सवार हड़बड़ा कर ट्रक से टकरा गए। मोटरसाइकिल पर उर्रा निवासी नितिन मौर्य, मोहित सवार थे। जिसमें नितिन उम्र 18 वर्ष और मोहित उम्र 16 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को मोतीपुर पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज बहराइच के लिए रेफर कर दिया। सीएचसी मिहींपुरवा के प्रभारी अधीक्षक डा रोहित ने बताया कि नितिन का पैर टूट गया है और मोहित के सिर में चोट आई है। प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार चौरसिया ने बताया की ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। कार्रवाई की जा रही है।

# कांवरियों के लिए बनाया सेल्फी प्वाइंट, उपलब्ध कराया शुद्ध पेयजल

- मिहींपुरवा नगर पंचायत में की गई कांवरियों के लिए अनूठी पहल
- सेल्फी प्वाइंट पर स्वच्छता व प्लास्टिक मुक्त का लिखा स्लोगन




अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। नगर पंचायत मिहींपुरवा में स्थित गल्ला मंडी परिसर में कांवरियों को आकर्षित करने के लिए एक सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है जो कांवरियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है कांवरियों सेल्फी प्वाइंट पर पहुंच सेल्फी ले रहे हैं। सेल्फी प्वाइंट पर स्वच्छ कांवड़ यात्रा, पर्यावरण रक्षक हूं पत्तल में ही खाऊंगा प्लास्टिक को हाथ नहीं लगाऊंगा यादि लिखे स्लोगन स्वच्छ भारत मिशन का संदेश दे रहे हैं।यह व्यवस्था नगर पंचायत मिहींपुरवा को स्वस्थ सुंदर बनाने के लिए नगर पंचायत की ओर से की गई। विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने बताया कि नगर पंचायत से कांवरियों का जत्था निकलता और गल्ला मंडी में विश्राम करता इस बार उनके लिए सेल्फी प्वाइंट और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई जिससे किसी प्रकार की कोई असुविधा न होने पाए। सेल्फी प्वाइंट के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। आपको बताते चलें कि रामपुर धोबिया हार में स्थित बुढ़वा बाबा मंदिर में जलाभिषेक के लिए शिव भक्त कैलाशपुरी से जल भरकर अस्सी किलोमीटर की लम्बी दूरी पैदल यात्रा कर पूरी करते हुए बुढ़वा बाबा मंदिर पहुंच जलाभिषेक करते हैं।

# खूंखार कुत्तों को पकड़ने के लिए लगाए गए एक्सपर्टों के भी हाथ खाली , दहशत में इलाकाई ग्रामीण

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के शिवपुर ब्लाक अंतर्गत मटेरा कलां में खूंखार कुत्तों को पकड़ने के लिए चलाया गया अभियान रहा असफल, एक्सपर्ट ने खड़े किए हाथ, दहशत बरकरार खबर है कि शिवपुर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत मटेरा कला गांव में बुधवार से कुत्ता पकड़ो अभियान चलाया जा रहा है। खूंखार कुत्तों को पकड़ने के लिए तरह-तरह के उपाय अपनाए जा रहे हैं लेकिन कुत्ते पकड़ से दूर हैं। शनिवार को 10 एक्सपर्ट लोगों को कुत्ता पकड़ने के लिए लगाया गया था। लेकिन रविवार सुबह एक्सपर्ट ने भी कुत्ता पकड़ने से इंकार कर दिया। ग्राम सचिव विकास श्रीवास्तव और ग्राम प्रधान सहित स्थानीय लोगों के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। पशु चिकित्साधिकारी डॉ मनोज वर्मा ने बताया कि शनिवार को 10 एक्सपर्ट लोगों को कुत्ता पकड़ने के लिए लगाया गया था। लेकिन रविवार सुबह करीब नौ बजे वह भी अभियान को छोड़ चले गए हैं। ज्ञात हो कि 15 जुलाई की सुबह कमहरिया गांव निवासी 12 वर्षीय नूरुद्दीन को कुत्तों के झुंड ने मौत की नींद सुला दिया। जबकि सेमरिया गांव निवासी 7 वर्षीय दिलशाद पर 12 जुलाई को कुत्तों के झुंड ने हमला कर गंभीर रूप से घायल किया। जिसका इलाज चल रहा है। वहीं चार माह पूर्व मटेरा कला गांव निवासी 10 वर्षीय मानसी को कुत्तों के झुंड ने नोच नोच कर मौत की नींद सुला दिया है। वहीं खूँखार कुत्तों को पकड़ने की मुहिम अभी तक असफल रही है जिससे इलाकाई दहशत मे हैं।

## दबंगो के हमले मे युवक गंभीर, जिला चिकित्सालय रेफर, अभियोग दर्ज

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के खैरीघाट थाना निहित कबडियनपुरवा गांव के पास रास्ता रोक कर युवक की लाठी डंडों से पिटाई, जिला अस्पताल में भर्ती, मुकदमा दर्ज खबर है कि खैरीघाट थाना क्षेत्र के बसंतापुर गांव निवासी मोबिन पुत्र निजामुद्दीन ने शनिवार को लिखित तहसील देते हुए गांव के चार लोगों को नामजद किया है। मोबिन का आरोप है कि मेरा भाई मुन्नन इमामगंज बाजार से शुक्रवार देर शाम घर लौट रहा था। तभी पहले से घात लगाए बैठे बऊर उर्फ सिराज, हकीम, वकील, छोटे ने रास्ता रोककर लाठी डंडे से मारपीट कर मरणासन्न कर दिया। अचेत अवस्था में जिला अस्पताल ले गए जहां इलाज चल रहा है। घायल मुन्नन ने रविवार दोपहर करीब 3 बजे अस्पताल से एक वीडियो बयान जारी कर आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग की है। थानाध्यक्ष सूरज कुमार राणा ने बताया कि पूर्व में हुए बच्चों के विवाद की वजह से मारपीट हुई है। मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है। जल्द गिरफ्तार कर कार्यवाही की जाएगी।

# ट्रक और एसयूवी में आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर, सात घायल

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। ओवरलोड व तेज रफ्तार वाहन लगातार जानलेवा साबित हो रहे हैं। लेकिन जिम्मेदार इन पर अंकुश लगाने में पूरी तरह से विफल साबित हो रहे हैं। जिससे लगातार दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ता जा रहा है।नानपारा लखीमपुर हाईवे पर नैनिहा के पास रविवार को ट्रक और एसयूवी की आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई जिससे एसयूवी में सवार सात लोग बुरी तरह जख़्मी हो गये और चीख पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देकर घायलों को गाड़ी से निकालकर एंबुलेंस द्वारा मिहींपुरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को मेडिकल कालेज बहराइच रिफर कर दिया गया है। शनिवार की शाम लगभग 6 बजे ग्राम सुजौली के अयोध्यापुरवा निवासिनी एक महिला पूनम पुत्री मिलन को सांप ने काट लिया था। जिसे परिजन झाड़-फूंक कराने के लिए मुर्तिहा थाना क्षेत्र के एक गांव ले गये थे जहां पर महिला की हालत खराब होते देख परिजन रविवार को एसयूवी से लेकर बहराइच जा रहे थे नानपारा लखीमपुर हाईवे पर नैनिहा के पास पहुंची तभी सामने से आ रही ट्रक से आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई जिससे एसयूवी में सवार श्यामू ड्राइवर 25 वर्ष, पूनम 25 वर्ष, निर्मला 45 वर्ष, मिलन 55 वर्ष, हरीराम 50 वर्ष, प्रहलाद 34 वर्ष गाड़ी में सवार सभी गम्भीर रूप से घायल हो गये जिससे चीख पुकार मच गयी चीख पुकार सुन आसपास के लोग मौके पर पंहुचे और सूचना मोतीपुर पुलिस को देते हुए सभी घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी मोतीपुर भेजवाया जहां पर सभी की गम्भीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज रिफर कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक आनंद चौरसिया ने बताया कि जांच की जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला छात्र का शव

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के साहबखेड़ा मोहल्ले में एक बीबीए छात्र का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला संतोष गौतम के 24 वर्षीय पुत्र अजय सिंह, जो पीजी कॉलेज में बीबीए की पढ़ाई कर रहा था। घटना रविवार सुबह की है। अजय शनिवार रात अपने कमरे में सोने गया था, जबकि उसके परिजन छत पर सो रहे थे। सुबह जब उसकी मां और दादी नीचे उतरीं, तो उन्होंने अजय को कमरे की छत से फंदे के सहारे लटका हुआ पाया। परिजनों के शोर मचाने पर मोहल्ले के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए।सूचना मिलते ही अचलगंज थाना प्रभारी हरिओम सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। परिजनों के अनुसार, अजय पढ़ाई में होनहार था और उसका किसी से कोई विवाद या तनाव नहीं था। उसके व्यवहार में भी किसी प्रकार की असामान्यता नहीं देखी गई थी। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि कहीं अजय किसी मानसिक तनाव, पारिवारिक, शैक्षणिक या सामाजिक दबाव में तो नहीं था। कमरे और मोबाइल फोन की तलाशी ली जा रही है ताकि कोई सुसाइड नोट या अन्य साक्ष्य मिल सकें।

# जीजीआईसी की शिक्षिका के खिलाफ जांच शुरू

**अलीगढ़ में टीचर से परेशान होकर छात्रा ने खाया था जहर, एम्स किया गया रेफर**

संवाददाता



अलीगढ़, राजकीय कन्या इंटर कालेज खैर में छात्रा से दुर्व्यवहार करने वाली शिक्षिका के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। छात्रा के जहर खाने के बाद जहां पुलिस ने आरोपी शिक्षिका के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, वहीं शिक्षा विभाग ने सारे प्रकरण की विभागीय जांच बैठाई है। अधिकारियों की टीम सारे मामले की जांच करेगी और छात्रा और उसके परिवार के बयान भी दर्ज करेगी। वहीं आरोपी शिक्षिका के बयान भी दर्ज किए जाएंगे और कालेज में अन्य छात्राओं से पूछताछ की जाएगी। जिससे कि सारे मामले की सच्चाई सामने लाई जा सके। जांच कमेटी अपनी रिपोर्ट डीआईओएस को सौंपेगी, जिसके बाद शिक्षिका के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। खैर के राजकीय कन्या इंटर कालेज की 9वीं की छात्रा आरोनी पुत्री सोमवीर गुरुवार को कालेज गई थी। आरोपी है कि यहां उसकी क्लास टीचर उमा ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया और उसे क्लास के बाहर निकाल दिया। इसके बाद छात्रा का भाई कालेज पहुंचा। शिक्षिका ने भाई के सामने भी छात्रा को खरी खोटी सुनाई और कहा कि उसका स्कूल से नाम काट दिया जाएगा। जिसके बाद छात्रा परेशान हो गई थी और उसने घर जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिसके बाद उसे सीएचसी लाया गया था, जहां से जिला अस्पताल और फिर मेडिकल कालेज रेफर किया गया था। मेडिकल कालेज से उसे एम्स रेफर कर दिया गया था। घटना के बाद पीड़िता छात्रा के भाई अभय पुत्र सोमवीर ने खैर थाने में तहरीर देकर मुदकमा दर्ज कराया है। उसने बताया कि आरोपी शिक्षिका उमा उसकी बहन से रंजिश मानती हैं। आए दिन उसे छोटी-छोटी बातों पर परेशान करती हैं और मारपीट करती हैं। जब वह उनसे बात करने पहुंचा तो भी शिक्षिका ने यही किया, जिसके कारण उसकी बहन ने आत्मघाती कदम उठाया है।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ पूरन सिंह ने इस मामले की विभागीय जांच बैठाई है। उन्होंने दो सदस्यीय टीम गठित की है और दोनों एडीआईओएस को जांच अधिकारी बनाया है।

# जिम मालिक से बिजली विभाग की वसूली

**कनेक्शन नहीं दिया, फिर चोरी का आरोप लगाकर एक लाख रिश्वत ली; अधिकारी करने लगे फ्री जिम**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, दरियापुर में बिजली विभाग द्वारा एक जिम मालिक के साथ कथित तौर पर अनुचित व्यवहार का मामला सामने आया है। विवेक सोनी ने 6 अप्रैल को फिटनेस एम्पायर नाम से जिम खोला। उद्घाटन से पहले उन्होंने बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किया। विभाग ने उसी परिसर में पिछले किरायेदार के बकाया बिल का हवाला देकर कनेक्शन देने से मना कर दिया। जिम की तैयारियां पूरी होने के कारण विवेक के आग्रह पर विभाग ने बिजली लाइन खींच दी। उद्घाटन के दो दिन बाद ही विजिलेंस टीम ने छापेमारी कर बिजली चोरी का आरोप लगा दिया। विवेक को एक लाख रुपये देकर मामला सुलझाना पड़ा। इसके बाद विजिलेंस टीम के कहने पर कुछ पुलिस कर्मी और विभाग के कर्मचारी मुफ्त में जिम का उपयोग करने लगे। विवेक अब तक नियमित बिजली कनेक्शन के लिए विभाग के चक्कर काट रहे हैं। अधीक्षण अभियंता ने एक बार फिर छापेमारी कर बिजली चोरी का आरोप लगाया। उन्होंने न केवल कनेक्शन काट दिया बल्कि लाखों का जुमार्ना भी लगा दिया। इस पूरे प्रकरण में उपभोक्ता परेशान है और उसकी समस्या का कोई समाधान नहीं हो पा रहा है। विवेक सोनी लगातार विभाग के चक्कर लगा रहा था, लेकिन परिसर में बिजली का बिल बकाया होने के चलते उसका आवेदन दो बार खारिज कर दिया गया।

# बारिश और पाइप लाइन कार्य से खराब हुई सड़क, ग्रामीणों को भारी दिक्कत

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। तहसील क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत हो रहे पाइपलाइन कार्य से सड़क की हालत बदतर हो गई है। बारिश के चलते कीचड़ और गड्ढों से रास्ता पूरी तरह से बाधित हो गया, जिससे ग्रामीणों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि बारिश के बाद सड़क कीचड़युक्त और जर्जर हो गई है, जिससे न सिर्फ पैदल चलने वालों को दिक्कत हो रही है, बल्कि दोपहिया और चारपहिया वाहन भी फंस रहे हैं। कई बार छोटे बच्चों और बुजुर्गों को फिसलकर चोट तक लग चुकी है। गंभीर होती स्थिति को देखते हुए जल जीवन मिशन से जुड़े जेई अम्बरीश विश्वकर्मा, सुभाष गौतम, प्रखर दीक्षित तथा शिवम चौधरी मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और तत्काल राहत कार्य शुरू करवाते हुए सड़क को अस्थाई रूप से ठीक कराया, जिससे ग्रामीणों को थोड़ी राहत मिली। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सड़क मरम्मत का कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा और जल्द ही मार्ग को पूरी तरह से दुरुस्त कर दिया जाएगा। ग्रामीणों ने अधिकारियों की तत्परता की सराहना की, साथ ही मांग की कि भविष्य में ऐसे कार्यों के दौरान सड़क की सुरक्षा और वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था पहले से की जाए, ताकि लोगों को असुविधा न हो।

# 117 स्कूलों के विलय का विरोध

**छात्रों ने तख्तियों के साथ किया प्रदर्शन, कहा– पाठशाला चाहिए, मधुशाला नहीं**

अमन लेखनी समाचार




अमेठी जिला, प्राथमिक विद्यालयों के विलय के विरोध में स्कूली बच्चों और ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। समाजवादी पार्टी के नेता जय सिंह प्रताप यादव के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में छोटे-छोटे बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर स्कूलों की बहाली की मांग की। जिले में 117 विद्यालयों को अन्य विद्यालयों में विलय किया गया है। भादर विकासखंड के खाझा ग्रामसभा स्थित भोजई का पुरवा में प्राथमिक विद्यालय को बंद कर अन्य विद्यालय में मिला दिया गया है। बच्चों के हाथों में मौजूद तख्तियों पर लिखा था 'हमें चाहिए पाठशाला, नहीं चाहिए मधुशाला'। बच्चों के पढ़ाई छोड़ने की आशंका सपा नेता जय सिंह प्रताप यादव ने कहा कि सरकार की विलय नीति ग्रामीण क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को कमजोर कर रही है। दूर स्थित विद्यालयों में छोटे बच्चों को भेजना व्यवहारिक नहीं है। इससे बच्चों के पढ़ाई छोड़ने की आशंका बढ़ जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि भोजई का पुरवा में सालों से चल रहे प्राथमिक विद्यालय को अचानक बंद करना अन्याय है। उन्होंने प्रशासन से विद्यालय को पुनः चालू करने और विलय आदेश वापस लेने की मांग की है।

## संक्षेप

### अपने ही मित्र को गोली मारने वाला गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मथुरा। शुक्रवार की रात शहर के माल गोदाम रोड पर गेस्टहाउस में युवक को गोली मारकर घायल करने वाले दोस्त को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया कि शहर कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत माल गोदाम रोड पर तनिष्का गेस्ट हाउस में शांति नगर निवासी कृष्णकांत गेस्टहाउस संचालक रूप किशोर के साथ शराब पी रहा था। इसी दौरान दोनों युवकों के बीच झगड़ा हो गया। जिसमें रूप किशोर ने अपने साथी कृष्णकांत शर्मा को गोली मारकर घायल कर दिया जिसका उपचार मथुरा न्यूरो हास्पिटल में चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे कोतवाली पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के आधार पर आरोपी रूप किशोर पुत्र चरण सिंह को बीतीरात गिरफ्तार कर उससे घटना में प्रयुक्त तमंचा बरामद किया है। इंस्पेक्टर कोतवाली देवपाल पुंडीर का कहना है कि घायल और आरोपी दोनों युवकों का अपराधिक इतिहास है।

### कार टक्कर के बाद मारपीट

**फॉर्च्यूनर सवार 4 आरोपी गिरफ्तार, पीड़ित अस्पताल में भर्ती**

गौतम बुद्ध नगर, नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में एक वाहन टक्कर को लेकर हुए विवाद में एक युवक को कुछ लोगों ने पीटा। पीड़ित की गाड़ी में भी तोड़फोड़ की गई। घटना में फॉर्च्यूनर सवार लोगों ने पहले पीड़ित की गाड़ी में टक्कर मारी। इसके बाद विवाद बढ़ गया और उन्होंने युवक पर हमला कर दिया। पीड़ित को चोटें आने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की टीम उसकी स्थिति पर नजर रख रही है। नॉलेज पार्क पुलिस ने स्थानीय सूचना तंत्र और बीट पुलिसिंग की मदद से चार आरोपियों को पुस्ता रोड से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में उज्जवल राय (राकेश राय का पुत्र), सौम्य पांडे (संतोष पांडे का पुत्र), हर्षित राय (संजय राय का पुत्र) और किशनराय (अनिल राय का पुत्र) शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### बिल्डिंग मैटेरियल की बकाया राशि नहीं चुकाने पर एक्शन

**ग्रेटर नोएडा में भाकियू ने रोका बिल्डर का निर्माण कार्य, सप्लायर्स को लाखों का बकाया**

जेवर, यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 20 में एक बिल्डर का निर्माण कार्य रोक दिया गया। भारतीय किसान यूनियन (महासभा) ने यह कार्रवाई की। बिल्डर पर आरोप है कि वह लंबे समय से बिल्डिंग मैटेरियल सप्लायरों का भुगतान नहीं कर रहा है। भाकियू (महासभा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी ने बताया कि बिल्डर पर स्थानीय ग्रामीणों की लाखों रुपये की राशि बकाया है। ये ग्रामीण रोड़ी, बदरपुर, सीमेंट और ईंट की सप्लाई करते हैं। कई महीनों से उन्हें भुगतान नहीं मिला है। पेमेंट मांगने पर बिल्डर के प्रतिनिधि अभद्र व्यवहार करते हैं। भाकियू ने बकाया भुगतान की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद निर्माण कार्य रोक दिया गया। बिल्डर प्रबंधन ने बकाया राशि चुकाने का आश्वासन दिया है। भाकियू का कहना है कि जब तक सभी सप्लायरों को उनका बकाया नहीं मिलेगा, तब तक निर्माण कार्य नहीं होने दिया जाएगा।

# स्वच्छ एवं सुंदर गांव बनाने के लिए प्रयत्नशील ग्राम प्रधान डिघरुवा

## समूचे ग्राम पंचायत में एंटी लारवा का कराया गया छिड़काव

**प्राथमिक विद्यालय समेत गांव में फागिंग कर मच्छरों से निजात देने का किया गया प्रयास**

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। स्वच्छता अभियान को लेकर जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत डिघरुवा के सभी मजरों में एंटी लारवा दवा का छिड़काव कराया गया जुलाई माह में ग्राम प्रधान संजय उमराव ने मुहिम चलाते हुए स्वयं गांव खानपुर कदीम के प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर दवा का छिड़काव किया वहीं अन्य कर्मचारियों ने भी ग्राम प्रधान का सहयोग किया जिसमें खानपुर कदम के साथ-साथ डिघरुवा गांव में भी दवा का छिड़काव कार्य संपन्न हुआ बारिश के कारण गंदे पानी नालियों में पनपने वाले मच्छरों से निजात दिलाने हेतु ग्राम प्रधान ने एक सराहनीय कार्य करते हुए ग्राम पंचायत में फॉगिंग कार्य प्रारंभ किया जहां खानपुर कदीम तथा ग्राम पंचायत के अन्य गांव रुसिया आदि में भी फागिंग कार्य सुचारू रूप से संपन्न हुआ ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान द्वारा कराए जा रहे सराहनीय कार्यों की जमकर प्रशंसा की

### दर्शन को आया युवक यमुना में डूबकर हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

मथुरा। जयपुर की ब्रह्मपुरी कालोनी से अपने चार साथियों के साथ ब्रज दर्शनों के लिए आए एक युवक का आज सुबह यमुना में शव मिला है। बताया गया कि दीपक कुमार रस्तोगी (33) पुत्र सुभाष चंद्र रस्तोगी निवासी ब्रह्मपुरी कालोनी जयपुर गुरूवार को अपने चार दोस्तो के साथ ब्रज के मंदिरों में दर्शन के लिए आया था। शनिवार की सुबह वह महावन थाना क्षेत्र अन्तर्गत गोकुल के कोयला घाट पर यमुना स्नान करने के लिए पहुंचा और पांच फिसल जाने से गहरे पानी में डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही गोकुल पुलिस मौके पर पहुंच गई। लेकिन शनिवार की पूरी दोपहर गोताखोर उसे नहीं खोज पाए। रविवार की सुबह उसका शव यमुना में तैरता मिला। चौकी प्रभारी गोकुल गौरव शर्मा का कहना है कि जिस घाट पर युवक डूबा था वहां गोताखोरों ने गहरा गड्ढा बताया। इसी कारण उसका शव ढूंढने में 24 घंटे का समय लगा।

# भाई बनकर प्लॉट दिलाने के नाम पर पांच लाख की ठगी

**पीड़िता ने एसएसपी से की कार्रवाई की मांग**

अमन लेखनी समाचार



मथुरा। बहन बनाकर एक युवक ने प्लाट दिलाने के नाम पर एक महिला से पांच लाख रुपये ठग लिए और वापस मांगने पर उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता डिंपल जिंदल पत्नी विनोद कुमार जिंदल निवासी शीतल छाया रमनरेती वृंदावन ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर अपनी लिखित शिकायत में कहा है कि उसके वृंदावन में दो फ्लैट हैं जिनमें से एक में उसका परिवार और दूसरा किराये पर उठाते हैं। जुलाई 2024 में गाजियाबाद का रहने वाला एक अभय त्रिपाठी नामक युवक उनके पास आया और बीस हजार रुपये महीने पर फ्लैट किराये पर ले लिया। आरोप है कि स्वयं को प्लॉट डीलिंग का कारोबारीबताते हुए आरोपी इनके फ्लैट में रहने लगा और उसे बहन मानने लगा। पीड़िता का कहना है कि इस व्यक्ति ने जीएलए यूनिवर्सिटी के पास उन्हें एक प्लॉट दिखाया और कहा कि यह सस्ते दामों पर दिलवा दूंगा। जिसमें उसने पांच लाख रुपये 27 फरवरी से चार मार्च के बीच फोन के माध्यम से ले लिए। महिला का कहना है कि प्लॉट देखने के बाद उसने इसे खरीदने से इंकार कर दिया। जिससे आरोपी उत्तेजित हो गया और उसके कपड़े फाड़ दिए। पैसा वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में पुलिस को तहरीर दिए जाने के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है और आरोपी उसे लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने अभय त्रिपाठी पुत्र राधेश्याम निवासी सी407के डब्ल्यू सृष्टि राजनागर एक्सटेक्सन नंदगांव गाजियाबाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

# जमीन हड़पने के लिए नशे का आदि बनाकर बनाया बंदी

**सगे चाचा ने चार-पांच दिनो से जंजीरों से बांधकर किया जानवरों जैसा व्यवहार**

अमन लेखनी समाचार



मथुरा/छाता तहसील के गांव खायरा में एक सगे चाचा ने अपने भाई की संपत्ति हड़पने के लिए इकलौते बेटे नत्थौ को नशे का आदी बना दिया नशे का आदि इस कदर बना दिया कि वह बगैर नशे के रह नहीं सकता, अपने ही भाई के लड़के को पहले तो नशे का आदि बनाया और उसको पैसे देता रहा। जिससे कि वह नशे की लत में बुरी तरह फस गया। नत्थौ के एक जन्म जात अंधा लड़का है और एक लड़की है इन दबंग लोगों की डर की वजह से वह भी अपनी जान बचाकर बाहर रह रहे हैं। इन दबंग और हिंसक लोगों ने जमीन बैनामा कराने के लिए नत्थौ पर दबाव बनाया तो उसने मना कर दिया इसलिए इन लोगों पर हैवानियत इतनी सवार हो गई कि उन्होंने नत्थों को लोहे की जंजीरों से बांधकर एक अंधेरे कमरे में बंद कर दिया। वही उसको शौच करनी पड़ रही थी, वही उसको खाना दिया जा रहा था। जिससे कि वह मर ना सके किसी तरह और लोगों को पता चलने पर पुलिस को सूचित किया तो पुलिस दरोगा हुकम सिंह ने अपने कांस्टेबलों के साथ जाकर के उसे बंधन मुक्त कराया और थाने ले आए अब देखना होगा कि पुलिस प्रशासन ऐसे क्रूर लोगों के साथ क्या कार्यवाही करेगा

# बिहारीजी मंदिर गलियारा और न्यास का विरोध

## गोस्वामी महिलाओं ने 53वें दिन किया प्रदर्शन

**कई दिनों से कर रहे पुकार बहीं सुन रहे योगी सरकार**

अमन लेखनी समाचार



वृंदावन बांके बिहारी मंदिर गलियाराऔर न्यास के गठन को लेकर जारी विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। आज लगातार 53वें दिन भी गोस्वामी समाज की महिलाओं ने मंदिर प्रांगण के बाहर जोरदार प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कल नगर विकास मंत्री के आगमन पर विरोध करने वाली इन्हीं महिलाओं ने आज धार्मिक मार्ग अपनाते हुए श्रीकृष्ण कृपा कटाक्ष स्तोत्र का सामूहिक पाठ कर सांकेतिक विरोध जताया। सरकार पर कटाक्ष करते महिलाओं ने कहा कि उन्हें कभी ऐसी आशा नहीं थी कि ये सरकार ब्रज वृन्दावन की संस्कृति और परंपराओं को नष्ट करेगी और हमारे मंदिरों और उसकी संपत्तियों पर कुठाराघात करेगी। महिलाओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वह किसी भी कीमत पर मंदिर की परंपराओं और विरासत से समझौता नहीं होने देंगी। भाजपा की सरकार उन कुंज गलियों को नष्ट करना चाहती हैं जिसमें कन्हैया खेलते थे।

# परीक्षा परिणाम देख छात्राओं के खिल उठे चेहरे

अमन लेखनी समाचार /अमन मिश्रा



मथुरा/उच्च शिक्षा में अग्रणी अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज की बी एड विभाग की छात्राओ ने गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी विश्विद्यालय की वार्षिक परीक्षाओं में अपना परचम लहराया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार वाजपेयी जी ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी भविष्य की शिक्षिकाएं है जो भारत के भविष्य का निर्माण करेंगी।महाविद्यालय की कॉर्डिनेटर डॉ मीता तिवारी ने भी सभी छात्राओं को उनके उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी और उनके बेहतरीन भविष्य के लिये शुभकामनाएँ प्रदान की। बी एड प्रथम व द्वितीय वर्ष की सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं में मुस्कान हुसैन प्रथम पूजा द्वितीय एव चंचल तरकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वही बी एड प्रथम वर्ष की छात्राओं में काजल सिंह प्रथम दीक्षा शुक्ला द्वितीय एव बबली कौशिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र पटका एव ट्रॉफी प्रदान कर प्राचार्य जी द्वारा सम्मानित किया गया एव मुंह मीठा कराया गया।इस अवसर पर बी एड विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ आरती पाठक प्रवक्ता चंचल अग्रवाल,शालिनी भारद्वाज ,सारिका भाटिया, मांडवी राठौर आदि उपस्थित रहे।

# चंद्रावल नदी का जलस्तर बढ़ने से रपटा पूरी तरह से डूबा

अमन लेखनी समाचार



भरुआ, सुमेरपुर। बांदा हमीरपुर जिले की सीमा पर चंद्रावल नदी किनारे बसे किसवाही गांव का संपर्क नदी के उफनाते ही टूट गया है। अब यहां के बाशिंदों को 15 किलोमीटर का चक्कर काटकर सुमेरपुर एवं मौदहा जाना पड़ रहा है किसवाही जाने के लिए मुंडेरा से सीधा संपर्क मार्ग है। इस संपर्क मार्ग में इसी वर्ष सदर विधायक की पहल पर रपटे का निर्माण कराया गया है। चंद्रावल नदी का जलस्तर बढ़ने से रपटा पूरी तरह से डूब गया। इससे इस मार्ग से लोगों का आवागमन ठप हो गया है। अब यहां के लोग बांदा जनपद के गडरिया गांव से होकर 15 किलोमीटर का चक्कर काट कर मुंडेरा से सिसोलर मार्ग के टोला गांव पहुंचकर सुमेरपुर, हमीरपुर मौदहा की ओर आ जा रहे हैं। गांव निवासी जितेंद्र सिंह, प्रधान अशोक सिंह, बनवारी, गजेंद्र सिंह, श्याम करण,चुन्नू पाल, राजाराम, तिलक सिंह यादव आदि ने बताया कि चंद्रावल नदी में आई बाढ़ से नवनिर्मित रपटा पूरी तरह से डूब गया है। इससे आवागमन ठप हो गया है। जरूरी कार्य होने पर 15 किलोमीटर का चक्कर लगाकर आना जाना पड़ रहा है।

# एनसीआर में ऑन डिमांड मंगाई चंडीगढ़ से इंग्लिश शराब

## 5 माह में दूसरी बार 44 लाख की शराब के साथ तस्कर को गाजियाबाद पुलिस ने अरेस्ट किया

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, क्राइम ब्रांच पलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा अवैध शराब की तस्करी करने वाले 1 तस्कर गिरफ्तार को अरेस्ट किया है। जिससे 44 लाख रुपए कीमत की अवैध शराब वह एक बंद बॉडी का कैंटर बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि एनसीआर में ऑन डिमांड चंडीगढ़ से इंग्लिश शराब में बनाई गई थी जिसे अलग-अलग स्थान पर सप्लाई किया जाना था। एडिशनल डीसीपी क्राइम पीयूष सिंह ने इस घटना का खुलासा किया है। क्राइम ब्रान्च के इंस्पेक्टर अब्दुर रहमान सिद्दीकी द्वारा चंडीगढ़ से अवैध शराब लाने वाले एक आरोपी को अरेस्ट किया है। मैकडॉवेल नम्बर-1 ब्राण्ड की अवैध अग्रेजी शराब की तस्करी कर लाई जा रही कुल 600 पेटी बरामद हुई। तस्करी कर लाई जा रही बरामद अवैध शराब की कीमत लगभग 44 लाख है। जो सिर्फ चंडीगढ़ में ही बिक्री अधिकृत है। पूछताछ पर आरोपी अनूप सिंह ने बताया कि वह छठी फेल है,पढ़ाई छोड़ने के बाद इसने ड्राईविंग का काम सीखा तथा पिछले 20 वर्षों से ट्रक ड्राईविंग का काम करता है। ट्रक ड्राईविंग के काम में ज्यादा आमदनी ना हो पाने व ज्यादातर बाहर रहने के कारण अनूप सिंह परेशान रहने लगा। 2021 में अनूप सिंह जीन्द हरियाणा के रहने वाले राममेहर के सम्पर्क में आया जो बिहार सरकार द्वारा अपने राज्य में शराब की बिक्री बैन किये जाने के कारण हरियाणा, पंजाब व हिमाचल प्रदेश से अवैध शराब तस्करी करके बिहार सप्लाई करता था। जिसमें उसको काफी फायदा होता था उसको ऐसे ड्राईवर की आवश्यक्ता थी जो उसके शराब की तस्करी की गाडियों को बिहार पहुँचा सके।

शराब तस्करी के काम में ज्यादा आमदनी होने के कारण अनूप सिह राममेहर के साथ अवैध शराब तस्करी का काम करने लगा तथा राममेहर के द्वारा हरियाणा, पंजाब व हिमाचल प्रदेश से तस्करी की गयी अवैध शराब को बिहार पहुंचाने लगा।

प्रत्येक चक्कर के 50 हजार मिलते थे। मार्च 2023 मे अनूप सिह बिहार मे अवैध शराब की तस्करी करने में जिला सहरसा बिहार से जेल चला गया। करीब 8-9 माह जेल में रहने के बाद अनूप सिंह जेल से छूटकर भोला निवासी हसनगढ जनपद रोहतक हरियाणा व रामनिवास निवासी झुन्झुनु राजस्थान के सम्पर्क में आया।

# स्टंटबाजी करने वाला युवक गिरफ्तार

**काली फिल्म वाली स्विफ्ट और बलेनो कार जब्त, छात्रों को डराने का आरोप**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने सड़क पर खतरनाक स्टंट करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दादरी के बालाजी मंदिर के पास रहने वाले रितिक के रूप में हुई है। पुलिस ने स्टंट में इस्तेमाल की गई काली फिल्म लगी स्विफ्ट कार आरोपी से बरामद की है। इस घटना में शामिल एक बलेनो कार भी नॉलेज पार्क-3 से जब्त की गई है। बलेनो चालक की तलाश जारी है। नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में स्टंटबाजी का एक वीडियो हाल ही में वायरल हुआ था। वीडियो में काली फिल्म लगी कार से सड़क पर स्टंट किए जा रहे थे। स्टंटबाज सड़क पर मौजूद छात्रों को कार से डराने की कोशिश भी कर रहे थे। पुलिस ने कहा है कि सड़क पर किसी भी तरह की स्टंटबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस तरह की गतिविधियों में शामिल लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नॉलेज पार्क क्षेत्र में आए दिन स्टंटबाजी के वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है।

# नेत्रहीन और दिव्यांग बीए पास युवती की डीएम से अपील

**बोली- लिख-पढ़ सकती हूं, बच्चों को पढ़ा सकती हूं, नौकरी दिलाने में मदद करें**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, सरधना क्षेत्र के मोहल्ला बुढ़ाबाबू की 32 वर्षीय राखी रानी ने डीएम से नौकरी की मांग की है। राखी जन्म से एक पैर से दिव्यांग हैं। बीमारी के कारण उनकी आंखों की रोशनी भी चली गई। उसके बावजूद भी उन्होंने नेत्रहीन विद्यालय से बीए की डिग्री हासिल की है। हालांकि अभी डिग्री लेने के बाद वह घर पर ही है। उनका कहना है कि वह ऐसे नहीं बैठ सकती। राखी ने नेत्रहीन कॉलेज से बीए की डिग्री हासिल की है। वह लिख-पढ़ सकती हैं और बच्चों को पढ़ाने में भी सक्षम हैं। राखी अपने घर पर भी बच्चों को ट्यूशन पढ़ाती हैं। आजाद समाज पार्टी के नेता चतर सिंह जाटव के साथ वह कलेक्ट्रेट पहुंची। उनका कहना है कि आर्थिक सुधार के लिए राखी को नौकरी दी जाए। राखी के परिवार में माता-पिता, भाई और बहन हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। राखी ने कहा कि वह अपने माता-पिता का सहयोग करना चाहती हैं। वह किसी पर बोझ नहीं बनना चाहतीं और आत्मनिर्भर बनना चाहती हैं। इसलिए उन्होंने जिलाधिकारी डॉक्टर वीके सिंह से नौकरी लगवाने की अपील की है। उनका कहना है कि दिव्यांग कोटे से नौकरी दी जाए।

# निवेश के नाम पर 11 लाख ठगे

- 1 प्रतिशत सप्ताह में मुनाफा का लालच, निवेश के पैसे से खरीदी जमीन

अमन लेखनी समाचार




नोएडा, शेयर बाजार में निवेश के नाम पर अलीगढ़ निवासी एक व्यक्ति से दिल्ली निवासी एक व्यक्ति ने 11 लाख 33 हजार रुपए से अधिक की धोखाधड़ी कर ली। पीड़ित ने सेक्टर-63 थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। अलीगढ़ के क्वारसी निवासी प्रवीण सिंह सांगवान ने पुलिस को बताया कि वह एनसीसी में समूह कमांडर हैं। दिल्ली के आनंद विहार निवासी दीपक नामक व्यक्ति ने उनकी पत्नी, पुत्र और पुत्री से 18.5 लाख रुपए लिए। आश्वासन दिया कि वह इस रकम को शेयर बाजार में निवेश कर रहा है। इसकी एवज में वह जमा राशि का प्रत्येक सप्ताह एक प्रतिशत लाभ दिलाएगा। यह रकम साल 2023 में ली। करीब 11-12 महीने एक प्रतिशत लाभ दिलाने के बाद रुपए देने बंद कर दिए। पीड़ित का कहना है कि उनके पास सेबी के दस्तावेज भी उपलब्ध हैं। बार-बार रुपए मांगने पर आरोपी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही उन्हें लाभ और शेष मूलधन मिलने लगेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी के पास उनके शेष 11 लाख 33 हजार 415 रुपए बकाया हैं। पीड़ित का दावा है कि आरोपी ने निवेशकों की रकम से दिल्ली-आगरा हाईवे पर छाता के निकट जमीन खरीद ली है। पीड़ित ने जब रुपए वापस मांगे तो आरोपी ने इसकी एवज में उन्हें तीन चेक सौंप दिए। उन्हें बैंक में लगाया तो वह बाउंस हो गए। जांच में पता चला कि बैंक खाता भी बंद हो चुका है। पीड़ित का दावा है कि उनके पास आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य हैं। शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## प्रत्येक रविवार को स्वास्थ्य केंद्र में आरोग्य स्वस्थ मेले का होगा आयोजन

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर -ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब असहाय मजदूर वर्ग को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश के मुखिया के निदेर्शानुसार ग्रामीण अंचल स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रत्येक रविवार को क्षेत्र के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आरोग्य मेला का आयोजन किया जाता है जिससे ग्रामीण को स्वास्थ्य लाभ मिल सके सुबे के मुखिया के निदेर्शानुसार रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आरोग्य मेला का आयोजन किया गया जिसमें गर्भवती महिला बूढ़े बच्चे जवान मजदूर आदि लोगों ने स्वास्थ्य केंद्र पहुंच टीकाकरण डीपीडी टीवी डायरिया बुखार आदि के मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ दिया गया। आरोग्य मेला अरतरा में 16, करहिया में 23 नायकपरवा में 21 , सिसोलर में 12,भभई में 15 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

# जल भराव की समस्या को लेकर वुन्देलखण्ड किसान यूनियन ने हाइवे पर लगाया जाम

**बीते दिनो हुई बारिस के चलते जल भराव की समस्या से जूझ रहे ग्राम की जनता, स्कूल जाने से वन्चित थे बच्चे**

अमन लेखनी समाचार



महोबा ।पनवाडी कस्वे मे विगत दिनो हुई मूसलाधार वारिस से कई मुख्य मार्गो एव गली मुहल्लो मे वर्षा के पानी की निकासी न होने से तथा जल भराव के कारण मुहल्लेवासियो के सामने विकराल समस्या आ खड़ी हुई है। कस्वे के ग्राम पंचायत पाठकपुरा मुहल्ले मे वर्षा के पानी की निकासी न होने से ग्रामीणो एव छात्र छात्राओ को भारी कठनाई हो रही थी।इसी समस्या से आक्रोशित वुन्देलखण्ड किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष एव मण्डल अध्यक्ष के नेतृत्व मे सैकडो किसान कार्यकर्ताओ एव काफी संख्या मे ग्रामीण सहित झाँसी मिजार्पुर हाइवे रोड पर जाम लगा दिया।जाम लगते ही दोनो ओर सडक के आने जाने के रास्ते बन्द होने पर वाहनो की लम्वी कतारे लग गयी।सूचना मिलते ही इलाकाई पुलिस जाम स्थल पर तुरन्त पहुँच गई और जाम खुलवाने का प्रयास करने लगी परन्तु कामयाव न हो सकी। जाम करीव दो घन्टे तक लगा रहा ।वाहनो की लम्बी लम्बी कतारे लग गई और वाहन मे फसे लोग बेहद परेशान दिखेरविवार के रोज करीब 10 वजे वुन्देल खण्ड किसान यूनियन के मण्डल उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष देवीदीन राष्टीय प्रवक्ता डा०पंकज तिवारी के नेतृत्व मे सैकडो किसान कार्यकर्ताओ एव ग्रामीणो के साथ झाँसी मिजार्पुर हाइवे पर जाम लगा धरने पर वैठ गये। ग्राम पंचायत पनवाडी के पाठकपुरा मे वीते दिनों हुई वर्षा के पानी की निकासी न होने से लोग जल भराव की समस्या से जूझ रहे थे ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान आशाराम यादव का भी मकान भी जलभराव से भरा हुआ था। रास्ते मे जल भराव के कारण छात्र छात्राओ को विद्यालय जाने की भी समस्या बनी हुयी थी ।मुहल्ले वासियो का आरोप है कि जल भराव मे साँप आदि कीडे भी होने से वच्चो को खतरा बना हुआ था। जल भराव जैसी समस्या से वेखबर ग्राम पंचायत के जिम्मेदार कुम्भकर्णीय निद्रा पर सो रहे थे समस्याओं से जूझ रहे ग्रामीण आक्रोशित हो कर समस्या से छुटकारा पाने के लिए वुन्देलखण्ड किसान यूनियन के पद अधिकारियों को ग्राम मे जल भराव की समस्याओं से अवगत करा गया एवं समस्या के समाधान के लिए गुहार लगाई थी बुंदेलखण्ड किसान यूनियन ने भारी मात्रा मे सँगठन के किसान सदस्य एवं ग्रामीणों को लेकर धरना प्रर्दशन पर उतर आये और रोड पर जाम लगा दिया सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची परन्तु जाम खुलवाने मे सफल नही हो पायी ।पुलिस ने खण्ड विकास अधिकारी सन्तराम को सूचना दी। खण्ड विकास अधिकारी एव सचिव निर्दैश पटेल लेखपाल वृजेन्द्र सभी ने मौके पर पहुँच जाम लगाये किसान यूनियन के नेताओ से वार्ता कर शीध्र जल निकासी का आश्वान दिया गया अधिकारियों के दिए गए अस्वासन के बाद जाम खुल सका।जाम मे 2 घण्टो से फसे सभी वाहन अपने गन्तव्य स्थान के लिए जा सके एवं जाम खुलने के बाद प्रशासन ने भी राहत की सास ली है ।

## मूसलाधार बारिश के चलते दो गरीबों के छिने आशियाने, पीड़ित ने शासन से की मुआवजे की माँग



अमन लेखनी समाचार

महोबा ।पनवाड़ी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मडवारी में दिन रात हुई तेज बारिश से गरीबों के बड़ी संख्या में कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हो गए जिनसे उनके रहने की मुश्कलें बढ़ गई। मूसलाधार तेज बारिश से गांव के नदी नालों का जल स्तर बढने के चलते किसानों के खेत भी लबालब देखे गए।आपको बता दें कि राजेश पुत्र बृजकिशोर, रामानंद पुत्र मातादीन गुप्ता का मकान अतिवृषी होने से गिर गया है जिसमें भूसा, खाने का गेहूं, लकड़ी, वर्तन, अन्य गृहस्थी दब कर क्षतिग्रस्त हो गई जिससे इन गरीब किसानों को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है वहीं पीड़ित लोगों ने वर्षा के चलते मकान में रखे सामान की भरपाई के लिए शासन से क्षतिपूर्ति की गुहार लगाई है।

## निशुल्क नामदेव हेल्प डेक्स का हुआ शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



महोबा। संत शिरोमणि नामदेव समाज सेवा समिति महोबा के तत्वावधान में महोबा मुख्यालय के तहसील परिसर के पास शुक्रवारी बाजार के सामने निशुल्क नामदेव हेल्प डेक्स का शुभारंभ हुआ।इसका शुभारंभ नामदेव समाज के संरक्षक रमाशंकर नामदेव द्वारा फीता काटकर किया । इस अवसर पर उपस्थित नामदेव समाज के लोगो ने कहा कि नामदेव समाज का जिला मुख्यालय में कार्यालय होना बहुत जरूरी था। क्योकि कार्यालय ही लोगों को एक दूसरे से संपर्क करने का बेहतर साधन है।जहां मिल बैठकर सामाजिक कार्यों की रूपरेखा तैयार की जाती है। आप को बता दे कि नामदेव समाज के लोगो को अगर कोई परेशानी होती तो नामदेव हेल्प डेक्स उसकी सहायता के लिए हमेशा तत्पर है।नामदेव हेल्पडेस्क का उपयोग विभिन्न प्रकार की जानकारी और सहायता प्राप्त करने के लिए किया जाएगा, जिसमेनामदेव समाज में शामिल होने बाले, सदस्यता या पंजीकरण से संबंधित जानकारी प्राप्त करना। समाज द्वारा आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों, बैठकों, और समारोहों के बारे में जानकारी प्राप्त करना। समाज द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं, जैसे कि शिक्षा, स्वास्थ्य, और आर्थिक सहायता से संबंधित जानकारी प्राप्त करना। विवाह योग्य युवक-युवतियों के रिश्ते और विवाह से संबंधित जानकारी प्राप्त करना। समाज के सदस्यों द्वारा की गई शिकायतों का निवारण करना।समाज से संबंधित अन्य सामान्य जानकारी और सहायता प्राप्त करना। संक्षेप में, नामदेव समाज का हेल्पडेस्क नामदेव समाज के लिए एक उपयोगी संसाधन है जो समाज के सदस्यों को विभिन्न प्रकार की जानकारी और सहायता प्रदान करता है।इस मौके पर नामदेव समाज के लोगो ने कहा कि यह कार्यालय विभिन्न सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह जरूरतमंदों और गरीबों तक हर सम्भव मदद पहुंचने और उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान करने का एक मंच है।इस मौके पर नामदेव समाज के अध्यक्ष मनीष नामदेव ने कहा कि समाज के लोगों को मेरी जहां भी जिस प्रकार की आवश्यकता महसूस हो में हर समय समाज की सहायता के लिए मौजूद रहूंगा। साथ ही महोबा की समस्त नामदेव समाज से अपील करता हूं कि हमें एक-दूसरेके साथ सहयोग करना और समर्थन प्रदान करना चाहिए।एक छोटा सा प्रयास भी बड़े परिणाम ला सकता है। हमें समाज में उत्तम और सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाहन करना चाहिए। इस मौके पर नामदेव समाज के महोबा, चरखारी,कबरई, श्रीनगर, कुलपहाड़, पनवाड़ी, अजनर ,खरेला, खन्नासे समाज के लोग उपस्थित रहे।

## शराब व्यवसायी से लूट का खुलासा करने वाली पुलिस टीम सम्मानित, व्यापारियों से सहयोग की अपील

अमन लेखनी समाचार

बेलाताल, महोबा।9 जून को शराब व्यवसायी सुधांशु दीक्षित से हुई 5.65 लाख रुपये की लूट का सफल खुलासा करने वाली पुलिस टीम को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) कुलपहाड़ अरुण कुमार सिंह ने पुलिस टीम को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और व्यापारियों से सतर्क रहने एवं पुलिस का सहयोग करने की अपील की।सम्मान समारोह का आयोजन व्यास पैलेस में किया गया था, जहाँ अजनर थाना पुलिस, स्वाट टीम, एसओजी और सर्विलांस टीम के प्रत्येक सिपाही को उनके सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर को भी उनके सहयोग के लिए सम्मान प्रदान किया गया।सीओ अरुण कुमार सिंह ने उपस्थित व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील करते हुए कहा कि घटना होने पर धरना-प्रदर्शन या नारेबाजी करने के बजाय पुलिस को सहयोग करें, जिससे अपराधियों तक शीघ्र पहुंचा जा सके। कार्यक्रम




के आयोजन सुधांश दीक्षित के द्वारा सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया गया।कार्यक्रम में पुलिस चौकी प्रभारी सुजीत जायसवाल, लूट पीड़ित सुधांश दीक्षित, सुभाष सैनी, अरविन्द नायक जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, जगत सिंह (अध्यापक व पूर्व प्रधान प्रतिनिधि), मौला बॉक्स, शकील भाई, राजू अग्रवाल, गोपाल कुशवाहा, रहीम बक्स राहुल रैकवार सहित क्षेत्र के कई व्यापारी मौजूद रहे।

## उपनिबंधक कार्यालय में प्राइवेट कर्मचारी की मनमानी से परेशान क्रेता विक्रेता

**उपनिबंधक कार्यालय रहता है सुर्खियों में वकीलों ने लगाया गोपनीयता भंग करने का गंभीर आरोप**

अमन लेखनी समाचार

महोबा। मुख्यालय स्थित उपनिबंधक कार्यालय आएदिन सुर्खियों में बना रहता है, जिसमें प्राइवेट रुप से कार्य कर रहे एक कर्मचारी पर गोपनीयता भंग करने का आरोप लगाते हुए आधा दर्जन से अधिक वकीलों ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर लिखित शिकरायत देते हुए प्राइवेट कर्मचारी को वहां से हटाने की मांग की है। सदर उपनिबंधक कार्यालय में कामकाज के तरीके को लेकर वरिष्ठ अधिवक्ता बचनेश कुमार कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं द्वारा सहायक स्टांप आयुक्त को सौंपे गए ज्ञापन पत्र में बहुत ही संगीन और गंभीर बिंदु को उठाते हुए संपूर्ण समाधान दिवस में भी ज्ञापन दिया गया।विभाग मे सरकारी कर्मचारी होने के बाद भी प्राइवेट व्यक्ति कई सालों से कैसे अति महत्वपूर्ण सरकारी सीट पर बैठ कर अति महत्वपूर्ण कार्य करता चला आ रहा है शिकायत के अनुसार, अधिवक्ता द्वारा नथूपुरा क्षेत्र से संबंधित एक बैनामा पंजीयन हेतु प्रस्तुत किया गया था, जो जांच के उपरांत पंजीयन के लिए आगे बढ़ा भी, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से प्रक्रिया को एक निजी कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा रोक दिया गया।चौंकाने वाली बात यह है कि कार्यालय में नियुक्त कंप्यूटर बाबू के रहते हुए, सरकारी कामकाज एक प्राइवेट व्यक्ति संतोष राठौड़ से वर्षों से कराया जा रहा है, जो कि न केवल नियमों के खिलाफ है, बल्कि यह सचिवीय गोपनीयता एवं पारदर्शिता पर सीधा प्रहार है। अधिवक्ताऔ का आरोप है कि उक्त संतोष राठौड़ ने विपक्षी पक्ष को फोन पर जानकारी देकर बैनामा को जानबूझकर रोका, जबकि फोटो और अंगूठा निशान के लिए जा चुके थे। इतना ही नहीं, न तो बैनामा का पंजीयन कराया गया और न ही दस्तावेज प्रार्थी को वापस किए गए।अधिवक्ताओं ने मांग की है कि प्राइवेट व्यक्ति संतोष राठौड़ की तत्काल कार्यालय से हटाया जाए,कंप्यूटर का समस्त कार्य अधिकृत सरकारी बाबू से ही कराया जाए,प्रस्तुत बैनामा का पंजीकरण बिना देरी के किया जाए और दस्तावेज प्रार्थी को वापस दिए जाएं ।यह मामला न केवल महोबा में सरकारी प्रक्रियाओं की शुचिता पर प्रश्नचिह्न लगाता है, बल्कि आमजन और अधिवक्ताओं के बीच बढ़ते प्रशासनिक अविश्वास को भी उजागर करता है ।सहायक स्टांप आयुक्त ने भरोसा दिलाया था पर कोई कार्यवाही आज तक नहीं की गई है जिससे आज संपूर्ण समाधान दिवस में इसकी शिकायत अधिवक्ताओं द्वारा की गई है आरोप लगाते हुए विभाग मे कई सालों से तैनात प्राइवेट कर्मचारी को हटाने की मांग की है कार्य वाही न होने पर धरना प्रदर्शन की बात कही गई है।

## बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में नहीं मिल सकी राहत बच्चे वृद्ध व महिलाएं जूझ रही है भूक से

अमन लेखनी समाचार



मौदहा, हमीरपुर। 72 घंटे बाद बाढ गस्त क्षेत्र में बाढ से नहीं मिल सकी राहत दैवीय आपदा से जूझ रहे बच्चे वृद्ध महिलाएं भुख प्यास से बिलबिला उठे वही रात 10:00 बजे के बाद वितरित किए गए लंच पैकेट ।नदी पार करने के लिए अभी भी नाव के सहारे पार कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं ।क्षेत्र में तबाही मचा हुई है।हालांकि नदी व नालों का जलस्तर घटने की सूचना प्राप्त हुई है। रिहायशी बस्तियों में पानी घरों में घुसने से घरों का गिरने का सिलसिला जारी है बांधों से पानी छोड़े जाने व क्षेत्र मे मूसलाधार बारिश ने आमजन की कमर तोड दी है रियासी इलाकों में बाढ़ का पानी घुसकर घर गिरी की समस्या पैदा हो गई वही बूढ़े बच्चे जवान भूख प्यास से तड़प तड़प कर चिल्लाते हुए सो गए ईचौली नायक पुरवा रात 10:00 बजे के बाद लंच पैकेट बांटे गए अभी भी दर्जनों गांव का संपर्क नगर से कटा हुआ है लरौद प्रधान प्रतिनिधि विष्णु शिवहरे ने बताया की नदी का पानी कुछ घटना हुआ प्रतीत हो रहा है लेकिन अभी भी प्रशासन द्वारा कोई राहत सामग्री नहीं भेजी गई नाम के सहारे नदी को पार कर आवश्यक भरण पोषण की सामग्री ला रहे है ।घरों में पानी भरने से घरों के गिरने का सिलसिला जारी है। क्षेत्र में अभी तक एक सैकड़ा से अधिक ग्रामीणों के घर बरसात के चलते धराशाई हो चुके हैं वही ग्राम अलीपुरा व चमरखन्ना के बीच चंद्रावली नदी के पानी के तेज बहाव के चलते बीस मीटर से अधिक सड़क कट गई है जिससे चमरखन्ना, अलीपुरा,भवानी गांव का संपर्क मुख्यालय से कट गया है। चंद्रावल नदी का पानी मौदहा सिसोलर मार्ग पर ग्राम पढ़ोरी में रपटे से 10 मीटर ऊपर बहने से यहां पूरी तरह से आवागमन ठप हो चुका है। ग्राम गहरोली, छानी, लेवा, सिसोलर, टोला, गढ़ा व परहेटा समेत दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को कई किलोमीटर का चक्कर लगा मौदहा आना मजबूरी है। तहसीलदार शेखर मिश्रा ने बताया बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रो जल स्तर धीरे-धीरे घट रहा है बाढ ग्रस्त क्षेत्रों में राहत सामग्री पहुंचाई जा रहीं हैं।

## बिहार एवं पूर्वांचल से आए मजदूर बुंदेली किसानों को सिखा रहे है धान रोपने के तरीके

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। बिहार,लखीमपुर खीरी, पीलीभीत आदि जगहों से आए मजदूर बुंदेली किसानों को धान रोपने की विधि का प्रशिक्षण दे रहे है। सैकड़ो की तादाद में आए यह मजदूर ब्लॉक के कई गांव में डेरा डालकर किसानों की धान रोपाई में मदद कर रहे हैं। जनपद में एक दशक पूर्व तक धान का उत्पादन नगण्य था।पंजाब से आए कुछ किसानों ने ब्लॉक के किसानों की जमीन बटाई पर लेकर धान का उत्पादन शुरू किया। अच्छा मुनाफा होने पर किसानों का रुझान धान की फसल की ओर बढ़ा और धीरे-धीरे एक गांव से दूसरे गांव तक धान की फसल की ओर किसान आकर्षित होने लगा। अब ज्यादातर गांव में किसान धान की फसल करने लगा है। लेकिन धान उत्पादन के अनुभव से अभी भी अनजान है। ऐसे में बिहार, बांदा, लखीमपुर खीरी, चित्रकूट, पीलीभीत से सैकड़ो की तादाद में आए मजदूर बुंदेली किसानों को धान रोपने के गुर सिखा रहे है। बुंदेली किसान भी इनके धान रोपने के हुनर को सिखाने में रुचि दिखा रहा है। धान किसान पप्पू शर्मा, धीरेंद्र यादव,विनय यादव, छोटे पाल,राजकुमार आदि ने बताया कि बाहर से आए यह मजदूर धान रोपने के तरीकों के साथ धान की फसल कब, क्या और कितना देना है। रासायनिक, कीटनाशक आदि का अनुपात क्या रहेगा, पानी का स्तर खेत में कितना होना चहिए आदि के अलावा धान की फसल में लगाने वाले रोगों के बारे में भी बड़ी बारीकी के साथ बता रहे हैं। इससे यहां का किसान बेहद उत्साहित है। क्योंकि यहां के किसानों को धान उत्पादन करने के तौर तरीकों की ज्यादा जानकारी नहीं है। क्योंकि सदियों बाद जिले के कुरारा, सुमेरपुर,मौदहा, मुस्करा, राठ क्षेत्र के हिस्सों में किसानों ने धान फसल का उत्पादन शुरू किया है। इसके बेहतर परिणाम सामने आने से किसान उत्साहित है और धीरे-धीरे ही सही धान उत्पादन का क्षेत्र प्रति वर्ष बढ़ता जा रहा है।

## क्रांतिकारी बटुकेश्वर दत्त की पुण्यतिथि पर वर्णिता संस्था ने दी श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार



भरुआ, सुमेरपुर।देशभक्तों के देश के प्रति योगदान के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत एक बेमिसाल क्रांतिकारी बटुकेश्वर दत्त की पुण्यतिथि पर संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि बटुकेश्वर दत्त वास्तव में मातृभूमि के रखवाले थे। जिनके योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। इनका बंगाल के बर्धमान जिले के अनौरी गांव में 18 नवम्बर 1910 को गोष्ठ बिहारी दत्त के घर जन्म हुआ था। कानपुर से अपनी शिक्षा समाप्त करने के बाद से ही ये राष्ट्रधर्मी हो गये।इनकी 1924 में कानपुर में भगतसिंह से भेंट हुई। इसके बाद दिल्ली की केन्द्रीय असेंबली में बम फेंकने की योजना बनी, जिसमें दत्त भी शामिल हुए। 8 अप्रैल 1929 को असेंबली में बम फेंककर यह और भगतसिंह भागे नहीं। बल्कि खुद को गिरफ्तार करवाया। जिसके बाद लाहौर षडयंत्र केस के नाम से मुकदमा चला और भगतसिंह, राजगुरु तथा सुखदेव को फांसी हुई। इन्हें आजीवन कारावास दिया गया।यह 1938 में जेल से छूटे। भारत छोड़ो आंदोलन में इन्हें फिर जेल हुई। फिर 1945 में छूटे। आजादी के लिए सब कुछ खपा देने वाले इस पुरोधा को आजाद भारत में बहुत ही कष्टमय जीवन जीना पड़ा।इलाज के लिए पैसे नहीं जुटा पाये। क्षय रोग से पीड़ित होने के बाद कालांतर में 20 जुलाई 1965 को इनका निधन हो गया। इस कार्यक्रम में सिद्धा, बाबूलाल, महावीर, रामनरायन, रिचा, विकास, सागर, प्रिन्स, दस्सी, राहुल आदि शामिल रहे।

## जीवन ज्योति फाउंडेशन द्वारा संचालित आरोग्यशाला में होगा प्राकृतिक उपचार

अमन लेखनी समाचार

मथुरा प्राकृतिक उपचार से स्वास्थ्य को अधिक से अधिक लाभ हो इसके लिए जीवन ज्योति फाउंडेशन द्वारा संचालित आरोग्यशाला का उदघाटन आज मधुवन एनक्लेव में प्रदेश के केबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने किया। उन्होने कहा कि पिछले काफी सालों से प्राकृतिक विधि द्वारा ऐसे इलाज किए जाते है जोकि समाज में बड़े गंभीर होते है। कांवड़ियों द्वारा किए जा रहे उपद्रव और हंगामा करने के सवाल पर मंत्री ने कहा कि जिस तरह से जिस तरह से सौ मन गेहूं में एक मन जौ मिला दें तो ये कहते हैं कि पूरा गेहूं साफ नहीं है। वहीं कांवर यात्रा में लाखों लोग कांवर ला रहे है लोगउनमें कुछ ऐसे भी हो सकते है। आरोग्यशाला संस्थापक ममता सैनी, राजकुमार ने बताया कि हजारे यहां कठिन से कठिन बड़ी से बड़ी बीमारी जोकि जिससे लोग गंभीर बीमारियों से परेशान होते है उनका भी सरल और सुलभ इलाज किया जाता है जिसमें वाटर थैरपी, मसाज, एक्युपंचर बिना किसी इंजेक्शन ऑपरेशन के इलाज होता है।इस दौरान मनोज चौधरी, सत्य प्रकाश, बुड्ढीलाल, नरेंद्र कुमार, महावीर वशिष्ठ, गौरव सिसौदिया, बिहारीलाल, सप्रू सैनी, आरएस चौहान, राम कृष्ण शास्त्री, विजय कुमार अरोरा, जेपी सैनी, आशीष सैनी, बॉबी, सावन गौतम आदि मौजूद थे।

## तीन माह से न्याय की आस में दर - दर भटक रहा किसान

**समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर उच्चाधिकारियों से लगाई न्याय की गुहार**

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव



गरौठा। लगभग तीन माह से न्याय की आस में दर - दर भटकने के बाद पीड़ित किसान श्रीपत पुत्र स्व० गरीबे निवासी ग्राम कचीर ने संपूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी गरौठा सुनील कुमार को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि तीन माह पहले हमारे खेत पर बने मकान में शॉर्ट शर्किट से आग लग गई थी जिसमें हमारा लाखों रुपए का नुकसान हुआ था। मौके पर पहुंचे राजस्व लेखपाल ने निरीक्षण कर शासन को रिपोर्ट प्रेषित करने का आश्वासन दिया था।जिसमें आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई और अभी तक शासन से कोई आर्थिक सहायता नहीं मिल पाई है।किसान श्रीपत पुत्र स्व० गरीबे निवासी ग्राम कचीर ने बताया कि मैं तहसील के समस्त आला अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दे चुका हूं। उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार मुझे लेखपाल से मिलने को कहते हैं हम लेखपाल से मिलते हैं तो लेखपाल कहते है कि हमने रिपोर्ट एस डी ओ विद्युत को भेज दी है। मै एस डी ओ विद्युत के पास जाता हूं तो वह यह कहके टाल देते हैं कि अभी आपकी कोई रिपोर्ट मेरे पास नहीं आई है। आधिकारियों की इस प्रकार की कार्य शैली से किसान श्रीपत अपने आप को असहज महसूस कर रहे हैं। किसान का कहना है कि इस घटना के तुरन्त बाद मेरी नातिन की शादी थी जिसको मैने अन्य लोगों से कर्ज लेकर किया। अब लोगों द्वारा शादी के लिए दिए कर्ज वापसी की मांग की जा रही है और यह सम्बंधित अधिकारी एक दूसरे के ऊपर मेरी समस्या टाल देते हैं ।पीड़ित किसान ने प्रशासन से उक्त मामले की निष्पक्ष जांच करते दोषियों के खिलाफ उचित कार्यवाही कर न्याय दिलाने की मांग की है।

## बेतवा नदी मे नहाने गये दो किशोर डूबे, मौत

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर।जालालपुर थाना क्षेत्र के भेड़ी गांव में रविवार दोपहर बेतवा नदी में नहाने गए दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। हादसे में हुई मौत से गांव में कोहराम मचा है। मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक टीम ने ग्रामीणों की मदद से दोनों शवों को बाहर निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है ।मृतकों की पहचान आयुष तिवारी (19 वर्ष) निवासी मोहल्ला दसवत कस्बा बिसंडा जनपद बांदा और पार्थ (14 वर्ष) निवासी भेड़ी डांडा थाना जलालपुर के रूप में हुई है। पार्थ इन दिनों अपने ननिहाल जालालपुर आया हुआ था। दोनों युवक रविवार को नहाने के लिए बेतवा नदी में गए थे, जहां वे गहराई में चले गए और डूब गए ।सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी बलराम गुप्ता, क्षेत्राधिकारी राजकुमार पांडेय और थाना प्रभारी पवन पटेल मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से शवों को नदी से बाहर निकाला गया ।थाना प्रभारी पवन पटेल ने बताया कि दोनों युवक नहाते समय अचानक गहराई में चले गए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजते हुए विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।इस हादसे के बाद मृतकों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

कवर स्टोरी
शिखर चंद जैन

# कभी-कभी बन जाएं बच्चे
# जी भर करें लाइफ एंज्वॉय

जीवन में सबसे सुहाने दिन बचपन के ही होते हैं। उस दौर से जुड़ी यादें हम कभी नहीं भूल पाते हैं। लेकिन ऐसा नहीं है कि हम बड़े हो गए तो अब बच्चों जैसी हरकतें नहीं कर सकते। जब भी मौका मिले, कुछ पल के लिए ही सही फिर से बच्चा बनकर देखिए, आपका तनाव गायब हो जाएगा और लाइफ को भरपूर एंज्वॉय कर पाएंगे।






अपनी जिंदगी में रोजमर्रा की जिम्मेदारियों के बोझ से व्यथित होकर अकसर हम अपने बचपन के दिनों की मस्ती, बेपरवाही और उन दिनों से जुड़ी कुछ खास बातों को याद करके उदास हो जाते हैं और अनायास ही बोल पड़ते हैं, *बचपन के दिन भी क्या दिन थे, उड़ते फिरते थे तितली बन।* कई बार मन में ऐसा भी खयाल आता है कि सब के सपनों को साकार करने में, दुनिया की उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश में, कितना थक जाते हैं हम। हम सोचने लगते हैं कि काश, फिर से वो बेफिक्री आ जाए, जो बचपन के दिनों में हुआ करती थी। वाल्ट डिजनी ने कहा था, 'इस दुनिया की मुश्किल यह है कि बहुत सारे लोग बड़े हो गए हैं।'

## नहीं भूलते वो मस्ती भरे दिन

इस दुनिया में शायद ही कोई शख्स होगा, जो अपने बचपन के दिनों में लौट जाने की ख्वाहिश ना रखता हो, जब जिम्मेदारियां कम थीं और खुशियां बेशुमार। होमवर्क को झटपट पूरा किया और घर से बाहर निकल गए कॉलोनी के पार्क में, मकान की छत पर या अपनी बालकनी में। कभी मिट्टी में लथपथ हुए, तो कभी बारिश के पानी में भीगे। बाजार से गेंद नहीं ला पाए तो रद्दी कागजों का गोला बनाकर खेलने लगे। महंगे खिलौने ना हों तो कागज की नाव या पतंग ही सही। बस मस्ती चाहिए थी, हर कीमत पर।

## करें ऐसा, जिसमें आए मजा

आप चाहें तो आज अपने बचपन वाली उम्र भले वापस ना ला सकें, लेकिन 40, 50, 60 साल के होने के बावजूद दिल बचपन का ला सकते हैं। इससे न सिर्फ आपको अनूठी खुशी मिलेगी बल्कि स्ट्रेस लेवल भी कम होगा। याद कीजिए बचपन में हम कितने क्रिएटिव होते थे। हमारे पास हर चीज का विकल्प था। माचिस की बेकार डिब्बियों से टीवी जैसी आकृति बना लेते थे। अखबारों या पत्रिकाओं से कटी तस्वीरों को एक के बाद एक चिपका कर लंबा करना फिर उनके दोनों सिरे पर 2 तिनकों में लपेटना। फिर डिब्बी बीच से काटकर स्क्रीन बनाकर तिनके घुमाते हुए अलग-अलग तस्वीरें



देखना। एक रुपए के लट्टू या 2 रुपए की गेंद से दिनभर खेलना, मस्ती करना। कागज की नाव बनाकर उसे बरसात के पानी में चलाना। चित्रकारी, डांस, कॉमिक्स पढ़ना, किसी गीत की पैरोडी बनाकर उसे गुनगुनाना हमें कितना प्रफुल्लित करता था। अब भी क्या बिगड़ा है! अब भी आप ऐसी क्रिएटिव एक्टिविटी अपनाएं, जो आपको खुशी दे। कुकिंग, डांसिंग, सिंगिंग, ड्राइंग कुछ भी कीजिए ताकि कुछ देर अपनी जिम्मेदारियों को भूल कर उसमें व्यस्त हो जाएं।

## याद करिए गुजरे हुए दिन

किसी ने कहा है, *टूटे बर्तन को खिलौना बना लेते हैं, हम बच्चे हैं हर जगह आशियाना बना लेते हैं।* अगर इसी सिद्धांत पर आज भी चलें तो आप खूब खुश रहेंगे। अगर आप संयोगवश अभी उसी शहर में रहते हैं, जहां आपका जन्म हुआ और बचपन बीता तो कभी उस गली या मोहल्ले में जाइए, जहां आपने बचपन बिताया और उन दिनों को शिद्दत से याद कीजिए। उस मकान के अड़ोस-पड़ोस में रहने वाले लोगों से मिलिए, जहां आप रहते थे। उनसे खूब गपशप कीजिए। अगर आपका शहर बदल गया है तो आप गूगल की मदद से उस मोहल्ले, पार्क या स्कूल को देख सकते हैं, जहां आपने बचपन बिताया था, या फिर फेसबुक के माध्यम से अपने बचपन के दोस्तों को ढूंढ़ कर उनसे बातचीत कर सकते हैं। आपके पास बचपन की तस्वीरों का एल्बम हो तो उन तस्वीरों को देखिए और एक-एक तस्वीर से जुड़ी बातें याद कीजिए। वही वाली टॉफी खरीदकर फिर से खाइए, जो आपको खूब पसंद हुआ करती थी। उस मिठाई की



दुकान पर जाकर समोसा या कचौरी खाइए, जहां के समोसे, कचौरी आप बचपने में बड़े चाव से खाते थे। आप कुछ देर के लिए ही सही अपने बचपन में पहुंच जाएंगे। यकीन मानिए, किसी की लिखी ये पंक्तियां आपको बरबस याद आ जाएंगी कि *नंगे पांव दौड़ते थे उस बचपन में। बढ़ते तजुर्बे ने पैरों में चुभन का एहसास करा दिया।*

## खूब लें राइडिंग का मजा

अपने बचपन को लौटाने के लिए, उन पलों को फिर से जीने के लिए आज के जमाने में बेस्ट प्लेस हैं एम्यूजमेंट पार्क। एम्यूजमेंट पार्क में छोटे बच्चों को खेलते देखकर आपको अपना बचपन याद आ जाएगा। फिर तरह-तरह के राइड्स का आनंद लेना, वहां घूमना-फिरना और मस्ती करना आपके अंतर्मन को पूरी तरह खुश कर देगा। जब मौका मिले, आप ऐसी जगहों पर जरूर जाएं और राइड्स के साथ-साथ वहां मिलने वाले डिफरेंट फूड्स एंज्वॉय करना ना भूलें।

## बचकानी हरकतों से ना झिझकें

किसी ने क्या खूब लिखा है, *झूठ बोलते थे फिर भी कितने सच्चे थे हम। यह उन दिनों की बात है जब बच्चे थे हम।* आपने देखा होगा कि बच्चों को जो पसंद आता है, वे उसे पूरी मस्ती के साथ करते हैं। चाहे खेलना-कूदना हो, गाना हो या नाचना हो। उन्हें इस बात की बिल्कुल परवाह नहीं रहती कि कोई क्या सोचेगा या क्या कहेगा? उनका पूरा ध्यान सिर्फ अपनी खुशी और मस्ती में होता है। आपको भी बिल्कुल वही बेपरवाही अपनानी होगी। अपने हमउम्र दोस्तों के साथ ठहाके मारकर हंसना, चुटकुले सुनाना, डांस करना या जो अच्छा लगता हो करें। यकीन मानिए आप अपनी उम्र काफी कम महसूस करने लगेंगे। इस बारे में मनोचिकित्सक डॉक्टर संजय गर्ग कहते हैं, 'हम वयस्क होकर भी बच्चों जैसी मस्ती कर सकते हैं, लेकिन इसके लिए बनावटी कंफर्ट जोन से बाहर आकर रियल कंफर्ट जोन में जाने के लिए मेंटली प्रिपेयर होना पड़ेगा।' *

लाइफस्टाइल / अंजू जैन



कुछ लोगों की आदत होती है कि वे हर छोटी-बड़ी बात पर जरूरत से ज्यादा सोच-विचार यानी ओवर थिंकिंग करते हैं। इससे वे कोई भी निर्णय जल्द नहीं ले पाते हैं। अगर आप भी ऐसी समस्या से ग्रस्त हैं तो यहां बताए जा रहे उपायों को आजमा सकते हैं।

# क्या आप भी करते रहते हैं
# हर बात पर ओवर थिंकिंग

यह सही है कि कोई भी काम अच्छी तरह सोच-विचार कर करना चाहिए। विचारशीलता और मनन करना अच्छी बात है। लेकिन जब आपका चिंतन, मनन या विचार मंथन जरूरत से ज्यादा समय तक या ज्यादा मात्रा में होने लगता है तो यह अनायास ही चिंता और ओवर थिंकिंग की आदत में तब्दील हो जाता है, जो लाइफस्टाइल को प्रभावित कर सकता है। इसलिए इस हैबिट से उबरने के लिए यहां बताई जा रही बातों पर अमल करें।

**दूसरों पर ध्यान न लगाएं:** हमारा मन अकसर बाहरी कारकों पर ध्यान केंद्रित करने पर उलझा रहता है। जब हम ईर्ष्या, दूसरों द्वारा हमारी आलोचना, दूसरों की सुख-समृद्धि पर ध्यान केंद्रित करते हैं तो हमारा मन अस्थिर और अशांत हो जाता है। इसलिए बेहतर होगा कि हमारी सोच और चिंतन का दायरा उन्हीं चीजों तक सीमित हो, जिन्हें हम सुधार, बदल या नियंत्रित कर सकते हैं। पुस्तक 'हेवनॉट गॉट टाइम फॉर द पेन' में लिखा गया है कि आपको अपने उलझे हुए विचारों को बदलना और उनका समाधान करना सीखना चाहिए। सबसे पहले जानिए कौन से विचार आपको पीड़ा देते हैं? उन विचारों को छोड़ने की कोशिश करें। ज्यादा सोचने से चीजें उलझ जाती हैं। इसलिए जीवन जीने और सोचने की प्रक्रिया को सरल रखें।



**धैर्य बनाए रखें:** यह एक मूलभूत सिद्धांत है कि आप जो अभी बोएंगे उसकी फसल आप बाद में काट पाएंगे। लेकिन हमारा चंचल स्वभाव इस बात को मानता नहीं और वह तुरंत परिणाम न मिलने पर विचलित हो जाता है। अपनी मेहनत के परिणाम के लिए जरा सा धैर्य रखिए फिर भी वांछित नतीजा ना मिले तो उस पर पुनर्विचार करिए।

**भाग्य को न कोसें:** मुश्किल परिस्थितियों में मनुष्य भाग्य को दोष देता है। लेकिन उसका भाग्य अधिकांशतः उसके चरित्र, जुनून, गलतियों और कमजोरी का ही प्रतिबिंब होता है। उसे अपने अवसरों से संतुष्ट रहना चाहिए और उनका फायदा उठाने की युक्ति पर विचार करते हुए स्वयं को बेहतर करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

**परफेक्शन की जिद छोड़ें:** कई लोग पूर्णतावाद के शिकार होते हैं। वह किसी काम को करने के बाद भी बार-बार सोचते हैं कि इसे और कैसे बेहतर किया जाए? अगर आपकी भी यह समस्या है तो इससे उबरें। एक काम के बाद अपनी अगली प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करें।

**टू द पॉइंट सोचें:** आप क्या सोच रहे हैं, क्यों सोच रहे हैं और किन मूल बिंदुओं पर आपका चिंतन है, यह पूरी तरह स्पष्ट होना चाहिए। इसके लिए बिंदुओं को लिख लीजिए। विभिन्न पहलुओं पर गौर कीजिए और फिर सोचिए। ऐसी सोच आपको निर्णय लेने में मददगार होगी और समय भी नष्ट नहीं होगा।

**अनुभवी लोगों से मिलें:** विचार मंथन की प्रक्रिया अगर लंबी खिंच रही हो और आप किसी निर्णय पर नहीं पहुंच पा रहे हों तो अनुभवी व्यक्तियों से सलाह लें। कुछ परिस्थितियों में सबसे अच्छा यह होता है कि आप अपनी गट फीलिंग का उपयोग करें। आपका अंतर्मन यानी सिक्स्थ सेंस जो कहे उसे ही सही मानें। कई शोध हो चुके हैं, जिनसे पता चलता है कि गट फीलिंग और लॉजिकल सोच का संयोजन सही निर्णय लेने में मददगार होता है।

**मन को थकाने से बचें:** आपको हर दिन छोटे-बड़े सैकड़ों निर्णय लेने होते हैं, जो आपके मन को थका सकते हैं। ऐसे में बहुत जरूरी है कि अपने दिमाग की शक्ति को बचाने के लिए एक दिनचर्या बनाएं, जिसमें उलझे हुए विषयों पर विचार के लिए एक वक्त तय कर दें। इसी समय जरूरी बातों पर निर्णय लें। बेवजह विचारों के सागर में डूबे रहना समय और ऊर्जा की बर्बादी है। इसकी बजाय सकारात्मक सोच के बीज बोएं और जरूरी चीजों पर विचार करें। पुस्तक 'डेवलपिंग इन टू, हेल्दी थिंकर्स' में कहा गया है कि सकारात्मक वाक्य हमें एक खुशहाल और भयमुक्त जीवन बनाने में प्रभावशाली रूप से मदद करते हैं। अपनी आवश्यकताओं के अनुसार सूक्तियां चुनें या अपने प्रेरक वाक्यांश बनाएं और उन पर अमल करें।

**समय पर छोड़ दें:** अगर आप यह सोचकर चिंतित रहते हैं कि पता नहीं कोई समस्या सुलझेगी या नहीं, तो याद करें अतीत में आपने कितनी ही समस्याओं को सुलझाया है। इससे आपकी थिंकिंग पॉजिटिव साइड में चली जाएगी। इसके साथ ही आपको यह भी याद रखना चाहिए कि कई समस्याएं तो समय के साथ सुलझ जाती हैं। ओवर थिंकिंग से बचने का सबसे आसान तरीका पुस्तक 'स्टॉप लुक एंड लिसन' में बताया गया है। इस पुस्तक में विस्तार से समझाया गया है कि आप वर्तमान में जिएं और उस क्षण को पूरी तरह महसूस करें। जिंदगी को एक तय उद्देश्य के साथ आगे बढ़ाएं। कर्म पर विश्वास करें और अपनी मानसिक स्थिति पर नियंत्रण रखें। *

सजेशन
मोनिका शर्मा

# स्मार्ट गैजेट्स से दूर रहकर भी
# मिल सकती है खुशी-सुकून

हालांकि आज के दौर में स्मार्ट गैजेट्स से पूरी तरह दूर रहना तो संभव नहीं रह गया है। लेकिन अगर केवल इस पर इंटरनेट यूज को कंट्रोल कर लें तो भी खुशी और सुकून हासिल कर सकते हैं।

सब कुछ पा लेने से ही सुकून नहीं मिलता। खुशी का मतलब दुनिया भर से जुड़े रहना ही नहीं होता। टेक्नीक के घेरे में घिरी आज की जिंदगी में स्मार्ट तकनीकों से लैस गैजेट्स से दूरी बनाना भी मन को सुख दे सकता है। वर्चुअल दुनिया में अनजान लोगों तक से जुड़ने और हर पल जुड़े रहने के बजाय, स्क्रीन की मौजूदगी पर लगाम लगाना भी मन को खुशी दे सकता है। टिक-टिक की आवाज पर हमारा ध्यान भटकाते नोटिफिकेशंस को बंद रखना भी मन को शांत सहज रख सकता है। कनाडा और अमेरिका में हुआ एक ताजा अध्ययन नोटिफिकेशंस की टोन पर भागते मन की लगाम थामकर असली दुनिया में सच्चे सुख को जीने की बात पुख्ता करता है।

**टिक-टिक पर कंट्रोल के लाभ:** बीते कुछ वर्षों में स्मार्टफोन का साथ एक आदत बन गया है। बहुत से लोगों के लिए तो स्क्रीन में झांकते रहना किसी लत से कम नहीं। वहीं इस आदत के खामियाजों को समझकर खुद को वर्चुअल व्यस्तता से बचाने के प्रयास भी खूब किए जा रहे हैं। हालांकि आज के समय में फोन एक जरूरत भी बन गया है। इससे पूरी तरह दूर रहना भी मुश्किल है। पर इसके लती बनने से तो बचा जा सकता है। अमेरिका और कनाडा की कुछ यूनिवर्सिटीज द्वारा एक महीने तक 467 आईफोन यूजर्स पर की गई एक रिसर्च इस मोर्चे पर सही और सहज राह दिखाती है। असल में इस स्टडी में शामिल होने वाले लोगों को फोन का उपयोग पूरी तरह बंद करने की बजाय इंटरनेट का इस्तेमाल न करने को कहा गया था। इन लोगों के फोन में बाकायदा एक एप डाउनलोड की गई थी, जो फोन




पर मोबाइल इंटरनेट ब्लॉक करने से जुड़ी थी। अध्ययन में सामने आया कि इंटरनेट बंद रखना लोगों का फोकस बढ़ाने और दिमाग भी जवान करने में मददगार साबित हो सकता है। इतना ही नहीं कुछ दिनों तक अगर फोन में ऐसी सेटिंग रखी जाए तो मूड में भी सुधार हो सकता है। इंसान का दिमाग तो 10 साल तक जवान हो सकता है। स्पष्ट देखने में भी आ रहा है कि पल-पल मिलते नोटिफिकेशंस यूजर्स का ध्यान भटकाने और मेमोरी लॉस का कारण बन रहे हैं। ऐसे में इंटरनेट सेटिंग्स के माध्यम से टिक-टिक पर लगाम लगाने के बहुत लाभ यूजर्स को मिल सकते हैं। आम लोगों के लिए भी खुद को स्मार्ट गैजेट्स से दूर रखने के लिए कुछ समय तक मोबाइल इंटरनेट बंद रखने का यह रास्ता अपनाने योग्य है।



**सेटिंग्स का खास असर:** फोन की सेटिंग्स चेंज करना कोई बड़ा बदलाव प्रतीत नहीं होता पर इसका असर बहुत अहम है। एक महीने की इस रिसर्च में दो हफ्ते बाद ही लोगों पर मोबाइल इंटरनेट बंद रखने की साधारण सी सेटिंग्स का असाधारण प्रभाव दिखने लगा। अध्ययन में शामिल लोगों ने माना कि वे पहले से ज्यादा खुश हैं। साथ ही अपनी जिंदगी को लेकर उनमें संतुष्टि का भाव भी बढ़ गया है। टिक-टिक या कोई और नोटिफिकेशन टोन को बंद रखने से यूजर्स को ना केवल मानसिक तौर पर स्वस्थ महसूस हुआ बल्कि यह बेहतरी से जुड़े ये बदलाव कॉग्नेटिव बिहेवियरल थेरेपी के बराबर थे। रिसर्च में शामिल लोगों ने बताया कि फोकस्ड रहने को लेकर भी उन्होंने पॉजिटिव बदलाव महसूस किए। साथ ही अटेंशन टेस्ट में इन लोगों के दिमाग ने अपने से 10 साल जवान लोगों के बराबर परफॉर्म किया।

**हर फ्रंट पर पॉजिटिव बदलाव:** इस स्टडी में सामने आया कि लोगों ने फोन छोड़कर अपने से जुड़े इंसानों के साथ ज्यादा समय बिताया। अच्छे से नींद लेने और एक्सरसाइज करने पर भी ध्यान दिया। लोगों ने हर रात औसतन 17 मिनट अधिक नींद ली। इन नतीजों को देखते हुए रिसर्चर का कहना है कि स्मार्ट फोन से पूरी तरह दूरी नहीं बनाई जा सकती पर इसके इस्तेमाल में बैलेंस रखना बहुत आवश्यक है। यह बहुत व्यावहारिक सा पक्ष है कि हर पल मिलते नोटिफिकेशंस से दूर रहना मानसिक ठहराव देने का काम करता है। यह ठहराव एकाग्रता की सौगात देता है। फोकस्ड रहने वाला इंसान कामकाजी संसार में बेहतर परफॉर्म कर पाता है। *



नवगीत
माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग'

## कांच के बर्तन

नहीं होते भरोसेमंद
कांच के बर्तन
करने लगते हैं हवा के
सामने नर्तन।
फिजूल दूध को खौलाते रहे
मथ डाले
निकाल लेते हैं मलाई
बेचने वाले
हक में आता है क्रेताओं
के अब खुरचन।
सिर्फ बदली हैं तख्तियां
बदले हैं मुखड़े
नई नहीं है संरचना
बदले हैं टुकड़े
हुआ नहीं है सालों से
कोई परिवर्तन।
काटने की लगी है होड़
अंधभक्तों में
फल और फूल नहीं दिखते
अब दरख्तों में
मांगने के लिए
होता है मिथ्या अर्चन।
स्वयंभू गुरुओं के चेलों
की हैं दुकानें
बखान करते हैं बौद्धिकता
के अफसाने
अपने जैसों के आगे
करते हैं गर्जन।
घरों को लूट रहे हैं
उनके रखवाले
जुबां पे आम आदमी के
पड़े हैं ताले
असत्य बोला नहीं करते
कभी भी दरपन।

व्यंग्य/ अंशुमाली रस्तोगी

# सोना और चोर

लोग सोने के महंगा होने पर, अदृश्य डर के कारण, उसे लॉकर में डलवा देते हैं, जबकि मैंने सोना घर में ही रख छोड़ा है। वो इसलिए कल को अगर चोर मेरे घर चोरी करने आता है तो उसे निराश होकर न लौटना पड़े।

सोना जब देखो तब बमचक मचाए ही रहता है। ऐसे में न खरीदने वालों के हाथ आ पाता रहा है, न चोरों के। इससे सबसे अधिक 'आर्थिक नुकसान' हमारे चोर भाइयों का होता है। बेचारे न सोना चुरा पाते हैं, न बेच। महंगे होने के कारण लोगों ने सोना पहनना भी कम कर दिया है। और घर में जो रखा होता है, उसे लॉकर में डलवा देते हैं। अब चोर किस मुंह से किसी के घर चोरी करने जाए। सोना ही एक ऐसा आइटम है, जिसे चुराकर वे अच्छी कमाई कर लेते हैं। अपना घर चला लेते हैं। लेकिन उस पर भी अकसर ही ग्रहण लग जाता है। इसलिए छिनैती की घटनाएं भी अब घट गई हैं। वरना पहले तो चेन-कुंडल खींचने की वारदातें आए दिन अखबारों में पढ़ने को मिल जाया करती थीं। महिलाएं भी बड़ी अजीब हैं। अरे, अपने लिए नहीं तो कम से कम चोरों की भलाई के लिए ही सोना पहन कर घर से बाहर निकला करें। ताकि उन बेचारों की भी दुकान चलती रहे। एक यही तो उनकी कमाई का जरिया है, उस पर भी महंगाई की मार। घोर अन्याय है चोर बिरादरी के साथ। मैं इसकी सख्त शब्दों में मजम्मत करता हूं। सरकार को इस बारे में जरूर कुछ सोच-विचार करना चाहिए।

सोने के संग समस्या यही है कि वो कब बढ़ जाता है, कुछ पता नहीं चलता। रात भर में अपना दांव खेल देता है। लोगों ने भी सोने के प्रति ना जाने क्या मोह पाल रखा है कि रोटी पानी में डुबोकर खा लेंगे, लेकिन सोना जरूर खरीदेंगे। चाहे घर में खुद के रहने के लिए जगह न हो पर सोना जरूर रखेंगे। पहनने को चाहे ढंग के कपड़े न हों पर सोना जरूर पहनेंगे। मतलब हद है। यह नहीं होता कि थोड़ा सोना चोरों को भी दे दें ताकि उनका घर-परिवार भी चलता रहे। किसी गरीब की भलाई करने में दुआएं ही मिलती हैं।



चोरी करना कितना जोखिम भरा काम है, यह तो कोई चोर से ही पूछे। किसी अनजान घर में जाकर चुराई करना, मेरे तो सोचकर ही पसीने छूट जाते हैं। यहां मैं कलम चलाकर ही खुद को ऊंचा लेखक मानता हूं। अजी, कलम का क्या है कोई भी चला सकता है। परंतु चोरी हर कोई नहीं कर सकता। इसके लिए जिगर और इच्छाशक्ति दोनों की भरपूर जरूरत होती है। कभी-कभी तो चोर मुझे, लेखकों से कहीं अधिक सरल और सच्चे जान पड़ते हैं। लेखक चूंकि बुद्धिजीवी होता है, इसलिए हर समय शब्दों-भाषा का जाल बुनता रहता है। चोर सिर्फ चोर होता है। अपने धंधे से मतलब रखता है। यहां-वहां अपनी टांग नहीं फंसाता फिरता। वो तो खामख्वाह मैं लेखक बन गया, जबकि मुझे तो चोर ही बनना चाहिए था।

लोग सोने के महंगा होने पर, अदृश्य डर के कारण, उसे लॉकर में डलवा देते हैं, जबकि मैंने सोना घर में ही रख छोड़ा है। वो इसलिए कल को अगर चोर मेरे घर चोरी करने आता है तो उसे निराश होकर न लौटना पड़े। उसका भी घर-परिवार चलता रहे। वो मुझे दुआएं दे। सोने का क्या है, वो तो पैसे की तरह हाथ का मैल है। आज है, कल नहीं। बल्कि मैं तो कहता हूं, देश के हर नागरिक को चोरों का ख्याल रखना चाहिए। ज्यादा नहीं तो महीने में दो चोरियां तो अपने घर में करवा ही लेनी चाहिए। बड़े-बुजुर्ग भी कह गए हैं, धन बांटने से बढ़ता है।

सही बोल रहा हूं, सोने का चोरी चला जाना पुण्य का काम है। इससे घर में बरकत बनी रहती है। सोने का महंगा होना चोरों के पेट पर लात है।

मुझे आम आदमी की सोने के पीछे दीवानगी कभी समझ नहीं आई। जिसे देखो वो सोना जोड़ने में लगा पड़ा है। कोई शौक के लिए जोड़ रहा है तो कोई शादी के लिए जोड़ रहा है तो कोई आड़े वक्त के लिए जोड़ रहा है। अमां, क्या कीजिएगा इतना सोना जोड़कर। जबकि साथ कुछ नहीं ले जाना है फिर भी...। यही सोना जब चोरी चला जाता है तब रोते हैं। चोरों को बद्दुआएं देते हैं। थाने में रपट लिखवाते हैं। बेवजह पुलिस वालों को भी परेशान करते हैं। मैं तो फिलहाल इस प्रतीक्षा में हूं कि सोना जल्द थोड़ा और नीचे आ जाए और चोरों का कारोबार फिर से चल निकले। मुझे यह कतई अच्छा नहीं लगता कि हम खाएं और चोर बेचारे हमारा मुंह ताकें। उनका दाना-पानी भी चलता रहे तो क्या हर्ज है। *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

# सर्जना और व्याख्या

वरिष्ठ लेखक-पत्रकार अवधेश श्रीवास्तव साहित्य के गंभीर पाठक-विवेचक भी हैं। लंबे समय से वे विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए पुस्तक समीक्षाएं लिखते रहे हैं। हाल में उनकी लिखी समीक्षाओं का संकलन 'सर्जना और व्याख्या' पुस्तकाकार में आया है। इसमें उनके द्वारा लिखी गई तीस पुस्तकों की समीक्षाएं संकलित हैं। अवधेश श्रीवास्तव पुस्तकों का मूल्यांकन पूरी गंभीरता से करते हैं। वे अगर किसी किताब की विशिष्टताओं को रेखांकित करते हैं तो उसकी खामियों पर भी अंगुली रखने से परहेज नहीं करते हैं। यहां विष्णु प्रभाकर, भगवती चरण वर्मा, असगर वजाहत, अलका सरावगी, गोविंद मिश्र, शिवमूर्ति, राम दरश मिश्र, ओम निश्चल आदि की पुस्तकों के अलावा अर्नेस्ट हेमिंग्वे के अनूदित उपन्यास 'शस्त्र विदाई' की समीक्षा भी पढ़ी जा सकती है। *




**पुस्तक:** सर्जना और व्याख्या (समीक्षात्मक लेख)
**लेखक:** अवधेश श्रीवास्तव, **मूल्य:** 250 रुपए,
**प्रकाशक:** शांभवी प्रकाशन, गाजियाबाद